RNI NO-UPHIN/2023/84340



# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शनिवार, 16 मई 2026 | वर्ष: 04, अंक: 59, पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# दोस्ती: भारत-यूएई के बीच 7 विषयों पर बनी सहमति

## ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली/यूएई/एजेंसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान 7 अहम विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच सामरिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी। गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारतीय अवसंरचना क्षेत्र, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की गई। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी से जुड़े समझौते का उद्देश्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। इससे भारत को कच्चे तेल और एलपीजी की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यह समझौता भविष्य में वैश्विक संकट या तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान भारत को राहत देने में मदद करेगा। एलपीजी आपूर्ति सहयोग समझौते के तहत यूएई भारत को दीर्घकालिक आधार पर तरलीकृत पेट्रोलियम गैस उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की घरेलू गैस जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के साथ दोनों देशों की आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करेगा। भारत और यूएई के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी ढांचे का उद्देश्य रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ाना है। इसके तहत दोनों देश रक्षा तकनीक साझा करने और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे।
इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और दोनों देशों के सामरिक संबंध मजबूत होंगे। वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने का समझौता भारत के समुद्री और औद्योगिक क्षेत्र को नई गति देगा।





### जहाज मरम्मत उद्योग को बढ़ावा और मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती मिलेगी

इससे जहाज मरम्मत उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। जहाज निर्माण और मरम्मत क्षेत्र में कौशल विकास सहयोग का उद्देश्य भारतीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देना है। इससे भारत में शिपबिल्डिंग और शिप रिपेयर क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे। भारत में एआई सुपर कंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने के समझौते के तहत यूएई की तकनीकी कंपनी भारत में अत्याधुनिक डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर क्षमता विकसित करेगी।
इससे भारत के कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान और डिजिटल नवाचार मिशन को गति मिलेगी तथा तकनीकी क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी।
यूएई के भारत में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बड़ा समर्थन देगी।

### प्रधानमंत्री ने यूएई पर हमलों की निंदा की, स्वतंत्र होर्मुज के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर

**अबूधाबी/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान कई अहम समझौते और निवेश घोषणाएं की गई। दोनों देशों के बीच सामरिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी। वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारतीय अवसंरचना क्षेत्र, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह दिवसीय विदेश प्रवास के दौरान भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह अबूधाबी पहुंचे।

## यूएई के एफ-16 जेट विमानों ने किया एस्कॉर्ट

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एफ16 जेट विमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया जब वह 15 से 20 मई तक अपनी पांच देशों की यात्रा के हिस्से के रूप में यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था।

**अल नाहयान के साथ पीएम मोदी की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता**
संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आपके स्वागत के लिए मैं आपका तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि आपने कहा - मैं अपने दूसरे घर में आया हूं। यह भावना मेरे जीवन में बहुत महत्व रखती है। आज आपके वायुसेना के जेट विमानों ने मुझे सुरक्षा प्रदान की। यह भारत की जनता के लिए सम्मान की बात है।' इस कार्यक्रम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन भी मौजूद रहेंगी। यात्रा के चौथे चरण में प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को नॉर्वे पहुंचेंगे। वहां वे तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे। दौरे के आखिरी चरण में प्रधानमंत्री



### पांच देशों की यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के दौरे पर हैं। इस विदेश दौरे में पीएम मोदी सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर रहे हैं, इसके बाद वे नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के इन दौरों का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नवाचार और हरित विकास के क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना है। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री नीदरलैंड का दौरा करेंगे। वर्ष 2017 के बाद यह प्रधानमंत्री की नीदरलैंड की दूसरी यात्रा होगी। जॉर्ज ने बताया कि इस यात्रा के दौरान, वे नीदरलैंड के किंग विलेम-अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री रॉब जेटन के साथ भी बातचीत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी स्वीडन के गोथेनबर्ग शहर जाएंगे। वहां वे अपने स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देश व्यापार और सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री यूरोपीय उद्योग जगत के बड़े मंच 'यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री' को भी संबोधित करेंगे।






# महिला का मिला रक्त रंजित शव नहीं हुई पहचान

## कौशाम्बी में नहीं रुक रहा अज्ञात महिलाओं के शव मिलने का सिलसिला

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** ।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार के पास बैरमपुर से पश्चिम शरीरा जाने वाले मार्ग पर एक महिला उम्र लगभग 40 वर्ष का रक्त रंजित शव शुक्रवार की सुबह सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला है शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के रक्त रंजित शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है तमाम प्रयास के बाद भी महिला की पहचान नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे के आसपास गढ़ी बाजार के पास बैरमपुर से पश्चिम शरीरा जाने वाले मार्ग पर ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि महिला का रक्त रंजित शव पड़ा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।घटना की सूचना पर एसपी सत्यनारायण प्रजापत भी मौके पर पहुंचे और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए है महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई कौशाम्बी जिले में अज्ञात महिलाओं के शव मिलने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है पड़ोसी जनपदों के अपराधी कौशाम्बी में महिलाओं के शवों को फेंककर भाग जा रहे है और पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी रह जा रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार के पास उस वक्त सनसनी फैल गई,जब एक अज्ञात महिला का रक्त रंजित शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान कराने में जुटी है। वहीं फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाकर मौत के कारणों की जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि बीते दो महीने में कई महिलाओं का शव हाइवे और सड़क के किनारे के साथ साथ रेलवे के किनारे भी मिला है,जिसमे से कुछ की शिनाख्त हो पाई है अन्य की शिनाख्त अभी भी नहीं हो पाई है।एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि लगभग 40 वर्षीय महिला का शव सड़क के किनारे मिला है,महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है,शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है,आस पास के सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे है,लोगो से पूछ भी की जा रही है,जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



## कप्तान ने परेड की ली सलामी, पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई।

तत्पश्चात टोलीवार परेड का निरीक्षण करते हुए उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई।

बाद परेड पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस में भोजन की गुणवत्ता, गणना कार्यालय, विभिन्न शाखाएँ, डीसीआर, शस्त्रागार, डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय एवं पुलिस बैरकों का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अनुशासन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने गांव की महिलाओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी**। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के कुशल निर्देशन में विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, साइबर जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान बालिकाओं/महिलाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला अधिकारों, साक्षरता, नए आपराधिक कानूनों एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी अवगत कराया गया।

अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई– 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन।

साथ ही महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम, मिशन शक्ति केंद्र एवं थाना सीयूजी नंबरों की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, महिला सशक्तिकरण एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु एसपी ने लगवाई दौड़

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर** । कप्तान अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, जनपद फतेहपुर में शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण, यातायात शाखा तथा पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु दौड़ कराई गई। परेड के दौरान अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से कराई जा रही टोलीवार ड्रिल को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

परेड के उपरांत एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा, यूपी-112 शाखा तथा पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात एसपी द्वारा साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया।

इसी क्रम में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, विवेचनाओं में पारदर्शिता तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य अधिकारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

## विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । सिराथू के ब्लॉक परिसर सिराथू में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता एवं सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री पर घृणित और अभद्र टिप्पणी के खिलाफ किया गया विरोध प्रदर्शन।

जिला मंत्री अर्चना चौरसिया ने बताया कि समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा,अपशब्द और धमकियां न तो आश्चर्यजनक हैं और न ही चौंकाने वाली।इस तरह की राजनीति,संस्कृति और चरित्र समाजवादी पार्टी का हिस्सा है। देश की जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई घृणित और अभद्र टिप्पणी उनकी पार्टी की विकृत मानसिकता को दशार्ती है। ओछी राजनीति करने वालों के बयान स्वाभाविक रूप से घृणित होंगे।सपा की अभद्र भाषा ही उनकी पहचान और संस्कृति है।इसी क्रम में वरिष्ठ महिला नेत्री माधुरी केशरी ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि राजनीति सेवा का माध्यम है,व्यक्तिगत कटुता का नहीं। स्वास्थ्य लोकतंत्र वही है जहां तर्क और नीति पर बहस हो,न कि अपमान और अभद्रता पर। देश की जनता अपने नेताओं से शालीनता,संयम और जिम्मेदारी की अपेक्षा रखती है।मैं सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह करती हूं कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का सम्मान करें।असहमति रखें,आलोचना करें,लेकिन भाषा ऐसी हो जो लोकतंत्र की गरिमा को ऊंचा उठाए।उपस्थित सभी महिलाओं ने विपक्षी सांसद मुदार्बाद व महिलाओं का हक हम लेकर रहेंगे के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी,तारा देवी वर्मा,नीतू कनौजिया,कुमुद त्रिपाठी,सुषमा केसरवानी,बेबी शेट्टी सहित दर्जनों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



## कल्याणपुर पुलिस द्वारा चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कल्याणपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण नोखा पुत्र शिवमंगल उम्र 42 वर्ष, अड्डा उर्फ रहीराम पुत्र रामगुलाम उम्र 55 वर्ष, पुरूषोत्तम उर्फ पहेलिया पुत्र श्री केशन उम्र करीब 58 वर्ष निवासीगण पहरवापुर थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

## जानलेवा हमला करने वाले 10 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी**। 27 दिसंबर 2025 को थाना मंझनपुर पर वादिनी शाहिदा वेगम पत्नी मोहन अली निवासी मकदूमपुर मजरा बहादुरपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 26.12.2025 की रात्रि विपक्षीगण द्वारा मुझे व मेरे बेटे को लोहे की राड से मारा पीटा है एवं जान से मारने की धमकी दी गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 451/2025 धारा 115(2)/351(2)/333/324(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

एवं दिनांक 30.12.2025 को थाना मंझनपुर पर वादी नूर अली पुत्र मोहर अली निवासी मकदूमपुर थाना मंझनपुर द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 29.12.2025 की शाम लगभग 8 बजे विपक्षीगणों द्वारा जान से मारने की नियत से लोहे की राड एवं लाठी से सिर पर प्रहार कर दिया जिससे गंभीर चोटे आई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 458/2025 धारा 109(1)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त अभियोगों से संबंधित फरार चल रहे अभियुक्त आजाद पुत्र छोटे निवासी बहादुरपुर मकदूमपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा 10,000 /- रुपए की इनाम राशि घोषित की गई थी।

वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था इसी दौरान मुखविर खास की सटीक सूचना के आधार पर देर रात को अभियुक्त आजाद पुत्र छोटे निवासी ग्राम बहादुरपुर मकदूमपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को महावा रोड नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।




## एएसपी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत सड़क मार्ग पर क्षेत्राधिकारी यातायात के साथ यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान स्वयं अपर पुलिस अधीक्षक ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों एवं बिना आवश्यक अभिलेखों के संचालित वाहनों की सघन जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की गई।

कौशाम्बी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि स्वयं सुरक्षित रहें तथा यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग प्रदान करें।

## एसएसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बुलंदशहर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया एवं शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायत करायी गयी । परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया तथा पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

एसएसपी द्वारा आदेश कक्ष में संबंधित को दिशा-निर्देश दिये गये तथा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस/चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय मौजूद रहे।

## हत्या में 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर**। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी खागा के निकट पर्यवेक्षण में देर रात को थाना खागा पुलिस द्वारा हत्या से संबंधित अभियोग में प्रकाश में आये वांछित 2 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया कि ग्राम प्रधान भूपेन्द्र उर्फ मदन सिंह व उनके परिवार ने जय सिंह से 13 बिस्वा भूमि 3,75,000/- रुपये में खरीदी थी, जिसमें 2,00,050/- रुपये दे दिये गये थे तथा शेष 1,75,000/- रुपये दाखिल-खारिज के बाद देना तय था। बाद में फूल सिंह के कहने पर जय सिंह ने बैनामे में आपत्ति लगा दी, जिससे दाखिल-खारिज नहीं हो सकी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। दिनांक 09.05.2026 को योगेन्द्र सिंह उर्फ बाडी, धीरेन्द्र सिंह उर्फ छोटू, शैलेन्द्र सिंह उर्फ वीरू, भूपेन्द्र सिंह उर्फ मदन, पवन सिंह उर्फ सदन, नवल किशोर तथा अर्जुन सिंह आदि अपने खेत में पानी लगा रहे थे। उसी दौरान फूल सिंह मोटरसाइकिल से वहाँ से गुजर रहा था, तभी जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हो गयी। गुस्से में आकर हम सभी ने मिलकर बांस के डण्डे, लाठी व लोहे की पाइप से फूल सिंह की पिटाई की, जिससे वह मोटरसाइकिल सहित गिर गया।

बचकर भागने पर लगभग 50 मीटर आगे पुनः घेरकर उसे पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।। घटना के बाद सभी लोग लाठी-डण्डे झाड़ियों में फेंककर फरार हो गये। दिनांक 14.05.2026 की समय लगभग 22.30 बजे हम दोनों लोग रात में कहीं बाहर जाने के लिए साधन का इन्तजार कर रहे थे कि पुलिस ने हम दोनों को पकड़ लिया।




## जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल गाइड लाइन महत्वपूर्ण - रविशंकर

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज**। प्रयागराज जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर पाण्डेय ने जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल गाइड लाइन की सराहना की है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि यह आदेश वस्तुतः उस कानूनी ढांचे को क्रियाशील बनाने की दिशा में अंतिम और काफी महत्वपूर्ण कदम है। इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। 2024 के नोटिफिकेशन ने जहाँ भौगोलिक सीमाएं तय की थीं, वहीं इस आदेश ने न्यायिक रोस्टर और कार्य आवंटन को स्पष्ट कर दिया है। अब प्रयागराज और उत्तर प्रदेश के अन्य केंद्रों पर पीठों के विधिवत गठन से करदाताओं को त्वरित न्याय मिल सकेगा। यह न केवल उच्च न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करेगा, बल्कि कर संबंधी जटिलताओं के समाधान के लिए एक फोरम भी मिलेगा।

## पूर्व प्रधान हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशाम्बी**। संदीपन घाट थाना क्षेत्र में 4 मई को मॉर्निंग वॉक के दौरान पूर्व प्रधान मनोज हेला को गोली मारी गई थी,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी हत्या की घटना में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि वर्तमान प्रधान ने राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते भाड़े के शूटरों से रुपए देकर पूर्व प्रधान की हत्या कराई थी।इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया था और एक आरोपी ने प्रतापगढ़ में न्यायालय में पुराने मामले में सरेंडर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 4 मई को आलमचंद्र के नरवरपट्टी के पूर्व प्रधान मनोज हेला को गोली मार दी गई थी,इस मामले में वर्तमान प्रधान रोशन लाल को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि आरोपी रोशन लाल ने राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते भाड़े के शूटरों से 50 हजार देकर हत्या कराई थी,यह सभी लोग आपस में रिश्तेदार भी है,जिनमें से दो मामा भांजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था,और रोशन लाल जो कि सुलखान का चाचा लगता है गिरफ्तार किया गया।

## श्रीरामचरित मानस है भगवान का वांग्मय रूप – महंत राजूदास

**सबसे तेज प्रयागराज**

**जौनपुर**। जनपद के महराजगंज क्षेत्र के मया गाँव में मुंबई के उद्योगपति एवं युवा समाजसेवी राहुल दुबे के आवास पर अयोजित श्रीरामचरित मानस पाठ का समापन श्रद्धा भक्ति और उल्लास के वातावरण में भजन संध्या और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ।भजन संध्या में मुकेश म्यूजिकल ग्रुप की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक रविन्द्र सिंह ज्योति,मुकेश त्रिपाठी,प्रसिद्ध गायिका अंशिका सिंह एवं टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुति दी गयी।समापन के अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास जी महाराज का आगमन हुआ। जहाँ भक्तों ने माल्यार्पण कर महंत जी का स्वागत किया।अपने वक्तव्य में महंत जी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस कोई पुस्तक नहीं है यह राघव सरकार का वांग्मय रूप है।हम सबको श्रीराम चरित मानस से शिक्षा लेकर भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए जिससे अपना एवं जग कल्याण हो सके इस पर युवाओं को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।उक्त कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के प्रबुद्ध लोग,समाजसेवी संत महात्मा आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुंबई से पधारे उद्योगपति आनंद पांडेय ने कहा कि श्रीरामचरित मानस एक ग्रंथ नहीं,बल्कि मानव जीवन को सही दिशा दिखाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है।उन्होने समाज में धार्मिक आयोजनों की अवश्यकता पर भी बल दिया। गौरतलब है कि आनंद पांडेय पूर्व में प्रतापगढ़ के परानूपुर श्रृंगवेरपुर में राजन जी महाराज द्वारा श्री राम कथा कराकर लोगों का दिल जीत लिये,साथ ही रोजगार मेला लगवाकर युवाओं को रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।कार्यक्रम के अयोजक राहुल दुबे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुख समृद्धि और जनकल्याण की भावना से यह धार्मिक आयोजन किया गया था जिसमें समाज के समस्त लोगो का भरपुर सहयोग और स्नेह प्राप्त हुआ।समापन के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।उक्त अवसर पर संतोष दुबे,नगरसेवक विवेक उपाध्याय, समाजसेवी रत्नाकर मिश्रा,समाजसेवी अमित ओमप्रकाश दुबे (दुबे राज्य),अनुराग तिवारी ट्रस्टी श्री राम सेवा संस्थान, आशुतोष पांडेय "विवेक",राम तिवारी,राकेश तिवारी,अमित पांडेय समय भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# प्रभारी मंत्री ने आंधी-तूफान प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का लिया जायजा

## प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना का लगाया मरहम

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**प्रयागराज।** जिला प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह, जनपद में आंधी-तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का शुक्रवार को भ्रमण कर नुकसान का जायजा लिया। एवं आंधी-तूफान से तहसील हण्डिया, फूलपुर व सोरांव में हुई जन हानि में प्रभावित हुए परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। कहा कि इस दुख की घड़ी में शासन एवं प्रशासन पूरी तरह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। आंधी-तूफान में मृत लोगो के आश्रितों को प्रदेश सरकार की ओर मृतक आश्रित के खाते में अंतरित की गयी 4 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त होने की जानकारी ली। अफसरों को यह धनराशि खातों में अंतरित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने तथा क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों का सर्वे कराकर नियमानुसार सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं ।

मा0 प्रभारी मंत्री जी ने सम्बंधित उपजिलाधिकारी से प्रभावित परिवार जिन-जिन सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत पात्र है, उन सभी योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाये जाने के लिए निर्देशित किया है। मा0 मंत्री जी ने भूमिहीनों को पट्टा, आवास योजना के अन्तर्गत पात्रता होने पर आवास उपलब्ध कराने तथा पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है।



आंधी तूफान से बाधित रास्तों, बिजली सप्लाई बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का फरमान जारी किया। सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वीके सिंह, विधायकगण दीपक पटेल, गुरू प्रसाद मौर्य व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह के साथ तहसील हण्डिया क्षेत्र के मृतक राजदेवी पत्नी जीत लाल विश्वकर्मा ग्राम सिथौरा-थाना उतरांव, दुगार्भारती ग्राम-नाहरपुर हण्डिया थाना हण्डिया, अंजनी उर्फ रंजना पुत्र बुद्धसेन ग्राम देवदहना हण्डिया-थाना सराय ममरेज, अनीता देवी पत्नी शिवपूजन ग्राम छतौना हण्डिया-थाना सराय ममरेज, लालजी पुत्र झारी ग्राम खखैचा थाना सराय ममरेज तहसील फूलपुर अन्तर्गत सविता पत्नी संदीप ग्राम कुतुबुद्दीनपुर-थाना फूलपुर, अनुपम पुत्र संदीप ग्राम कुतुबुद्दीनपुर-थाना फूलपुर एवं तहसील सोरांव अन्तर्गत सत्यम पुत्र रामजी ग्राम जगदीशपुर थाना सोरांव एवं इन्दु पटेल पत्नी अंकित पटेल ग्राम खिजिरपुर थाना नवाबगंज के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढंस बंधाया। सरकार द्वारा उन्हें सभी अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## पूर्व सैनिकों के लिए बनेगा सिंगल विंडो सेंटर, प्रयागराज में नए क्षेत्रीय कार्यालय का शिलान्यास

### मेजर जनरल शरद बिक्रम सिंह बोले- नई इमारत पूर्व सैनिकों की गरिमा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल शरद बिक्रम सिंह ने शुक्रवार को कालिंदीपुरम स्थित निगम के नए क्षेत्रीय कार्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बनने वाली नई इमारत केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं होगी, बल्कि राष्ट्र की सेवा कर चुके पूर्व सैनिकों की गरिमा और कल्याण के प्रति निगम की नवीनीकृत प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी।

उन्होंने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज मंडल के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाओं, पुनः रोजगार और प्रशासनिक सहायता का केंद्रीय केंद्र बनेगा। इसे शिकायत निवारण और सहायता के लिए ह्लसिंगल विंडो सेंटरह्व के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे सेवाओं की डिलीवरी और अधिक तेज और प्रभावी हो सके।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। एजीएम कर्नल अनिल कुमार सिंह (अ.प्रा.) ने उन्हें डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, भुगतान प्रक्रिया और रोजगार प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। मेजर जनरल सिंह ने पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों में प्रक्रियागत देरी को शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। यहां पूर्व सैनिकों के बच्चों की उच्च शिक्षा और सुरक्षा साझेदारी के मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि निगम प्रमुख शिक्षण संस्थानों को अनुशासित और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

बाद में आयोजित सैनिक सम्मेलन में उन्होंने विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने समय पर वेतन, ईपीएफ और बीमा लाभ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से सैन्य अनुशासन और सतर्कता बनाए रखने का आह्वान करते हुए लापरवाही के प्रति ह्लशून्य सहनशीलताह्व अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में अंजनी कुमार सिंह, राम प्रकाश, रवि शंकर सिंह, बृजेश कुमार, प्रकाश नारायण पाण्डेय और सुशील कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार, उतरांव पुलिस ने दबोचा

### पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या का आरोप, दगमढ़ा तिराहे से हुई गिरफ्तारी

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के गंगानगर जोन की उतरांव पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को थाना क्षेत्र के दगमढ़ा तिराहे से पकड़कर न्यायालय भेज दिया।

थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया की पुलिस के मुताबिक आरोपित यादवेन्द्र प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम दमगढ़ा, थाना उतरांव की तलाश की जा रही थी।

आरोप है कि अभियुक्त ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पीड़िता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी। पीड़िता पक्ष की तहरीर पर उतरांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त और डीसीपी गंगानगर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसीपी हंडिया के नेतृत्व में थाना उतरांव पुलिस टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार और कांस्टेबल हीरालाल शामिल रहे।

# अधिवक्ता के घर आधी रात हमला, तोड़फोड़ और पथराव

## तमंचा लहराकर गेट तोड़ने का प्रयास, दो आरोपित गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** के कैंट थाना क्षेत्र स्थित राजापुर बेली कॉलोनी उचवागढ़ी में अधिवक्ता संदीप मौर्य के घर पर आधी रात हमला और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि 15 से 20 लोग शराब के नशे में घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित अधिवक्ता के मुताबिक आरोपितों ने उनकी बुजुर्ग मां के साथ अभद्रता की और घर के बाहर उत्पात मचाया। अमन अहमद और प्रियेश श्रीवास्तव तमंचा लहराते हुए गेट तोड़ने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर आरोपितों ने पथराव किया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

हमले में घर की खिड़कियों के शीशे, दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त हो गए। संदीप मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने अमन अहमद, प्रियेश श्रीवास्तव, आकाश कुमार, हर्ष श्रीवास्तव, सुमित निषाद, मोहित निषाद, हमजा समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि मामले में दो आरोपितों अमन और प्रियेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश में कार्रवाई जारी है।

## एनसीजेडसीसी में कल सजेगा 'विमर्श', कथक नृत्यांगना उर्मिला शर्मा करेंगी संवाद

### कला, संस्कृति और साहित्य पर होगा मंथन, शाम पांच बजे बहुउद्देशीय सभागार में आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से कला, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रचनात्मक व्यक्तित्वों और कला साधकों के बीच संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित लोकप्रिय श्रृंखला "विमर्श" के अंतर्गत विमर्श-9 का आयोजन 16 मई को किया जाएगा।

कार्यक्रम शनिवार शाम पांच बजे केंद्र परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित होगा। केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने बताया कि इस विशेष संवाद सत्र में प्रयागराज की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना उर्मिला शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी।

## जार्जटाउन पुलिस द्वारा वारण्टी 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** डीसीपी नगर मनीष शांडिल्य के निर्देश पर वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र स्व0 अन्तू लाल निवासी म0नं0- 227 तिलक नगर अल्लापुर व अभियुक्त आत्मा राम कनौजिया पुत्र हीरा लाल नि0 51 फतेहपुर बिछुआ थाना जार्ज टाउन प्रयागराज को अभियुक्त के निवास स्थान से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## आंधी तूफान के चलते मिट्टी का बर्तन बनाने वाली कंपनी धराशाई

### फूलपुर क्षेत्र के गडौर गांव में लगी मिट्टी के बर्तन बनाने वाली कंपनी का लाखो का नुकसान

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व आय तेज आंधी तूफान के चलते गड़ौर गांव में लगी मिट्टी का बर्तन बनाने वाली कंपनी पूरी तरह से धराशाई हो गई। जिसके चलते भुक्त भोगी का लाखो रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर सहायता की मांग किया। फूलपुर क्षेत्र के गडौर गांव निवासी कमलेश कुमार पाल पुत्र महादेव का आरोप है की उसने खेत गिरवी रख करके रोजी रोटी के लिए घर के पास ही बर्तन बनाने वाली कंपनी लगाई थी। पीड़ित ने महादेव ट्रेडर्स के नाम से बर्तन बनाने वाली कंपनी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दो दिन पूर्व क्षेत्र में आय आंधी तूफान के चलते उक्त कंपनी का मकान छज्जा सहित मशीनरी आदि दिवाल गिरने से पूरी तरह धराशाई हो गई। तथा कुछ मजदूरों को गंभीर चोटे आई। टीन सेट छज्जा आदि। काफी दूर उड़ गए जिससे पीड़ित के अनुसार लगभग 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए। शासन से अहेतुत सहायता राशि दिलाने की मांग किया।

# भाकियू ने धूमधाम से मनाया चौथा स्थापना दिवस

## महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भाकियू अराजनैतिक संगठन का चौथा स्थापना दिवस एवं किसान मसीहा किसान संगठन के जन्मदाता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि विकास भवन के सरस सभागार में धूमधाम से मनाई गई। पुष्प अर्पित करके मनाई गई। बबलू दूबे मंडल अध्यक्ष मंडल प्रयागराज की उपस्थिति और शनि शुक्ला जिला अध्यक्ष प्रयागराज की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर केके सिंह जिला कृषि अधिकारी प्रयागराज, मुकेश सिंह जिला कृषि प्रसार अधिकारी, विकास मिश्रा उप जिला कृषि अधिकारी प्रयागराज, पवन विश्वकर्मा उप कृषि निदेशक



मंडल प्रयागराज के अलावा अजय कुमार सिंह युवा मंडल अध्यक्ष, जगदीश तिवारी मंडल महासचिव, पुष्पराज सिंह प्रदेश सचिव, दीपक तिवारी युवा मंडल अध्यक्ष, गोविंद बहादुर सिंह जिला सचिव, राजेंद्र कुमार मंडल सचिव, शुभम मिश्रा वरिष्ठ किसान नेता, हरिश्चंद्र युवा मंडल सचिव, भारत पटेल, पप्पू पासी युवा किसान नेता अध्यक्ष द्वारका दास मंडल संगठन मंत्री राजू शुक्ला जिला संगठन मंत्री कमलेश राव युवा जिला अध्यक्ष रमादेवी महिला जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम गंगापार अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एहसान खान ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल ब्लाक अध्यक्ष आदित्य बर्मा युवा ब्लाक अध्यक्ष कमलेश पटेल तहसील अध्यक्ष सुधीर कुमार पटेल युवा ब्लाक अध्यक्ष राममूर्ति यादव मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार यादव किसान नेता अंगद मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## एसपी सड़क पर उतरे, लोगों को किया जागरूक

### 15 दिवसीय विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**



**कौशांबी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण द्वारा जनपद में विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी स्वयं थाना मंझनपुर अंतर्गत कलश चौराहे पर मौजूद रहकर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते रहे।

इस दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करें। साथ ही गलत दिशा में वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग से बचने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देने के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को बताया गया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट केवल नियम नहीं बल्कि दुर्घटना के समय जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। आमजन से सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की गई।

## हाईकोर्ट से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को मिली राहत

### आशुतोष महाराज की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा, ये मामला नहीं बनता

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध दाखिल की गई अवमानना याचिका को खारिज कर दी है। दरअसल, अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाकर आशुतोष महाराज ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी।

हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकलपीठ ने कहा कि इसमें अवमानना का मामला ही नहीं बनता। कोर्ट ने कहा कि याची को जमानत रद्द करने के लिए याचिका दाखिल करने की छूट है। पॉक्सो के तहत दर्ज मामले में हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाकर याचिका दाखिल हुई थी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल कर जमानत रद्द करने की मांग की थी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया था। बटुकों के कथित मामले में आशुतोष ब्रह्मचारी ने ही अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।

## वाराणसी : औसानगंज से जगतगंज संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय तक बिछेगी नई सीवर लाइन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश का वाराणसी नगर निगम शहर की सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए नई सीवर लाइन बिछाने की तैयारी में है। शुक्रवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी और वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के आदमपुर जोन में 17.52 करोड़ रुयये की लागत से बनने वाली सीवर व जल निकासी परियोजना का विधिवत शिलान्यास किया।

जैतपुरा (वॉर्ड नंबर 93) के बंगाली बाबू के बगीचे' में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापट्ट का अनावरण नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत औसानगंज चौराहे से शुरू होकर ईश्वरगंगी, नाटी इमली, धूपचंडी होते हुए संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय तक कुल 2010 मीटर लंबी नई सीवर पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा।

महापौर ने बताया कि यह कार्य अगले छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसके पूर्ण होने से नागकुआ, जैतपुरा, छमुहानी, डिगिया, राजापुरा, ईश्वरगंगी और नाटी इमली आदि क्षेत्रों में बरसात के दिनों में होने वाले भारी जलजमाव और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस परियोजना से बागेश्वरी वार्ड, ईश्वरगंगी वार्ड, धूपचंडी वार्ड (तीन वार्ड ) लाभान्वित होंगे। महापौर के अनुसार काशी को वैश्विक मानकों के अनुरूप स्वच्छ और सुंदर बनाना नगर निगम और सरकार का संकल्प है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्य एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत कराये पूर्ण-मुख्य विकास अधिकारी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सीडीओ हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्य एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिन विभागों की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैकिंग ठीक नहीं है, ऐसे विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को रैकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि जिन कार्यों में उनके स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उनकी प्रत्येक सप्ताह पत्रावली के माध्यम से समीक्षा कराये जाने के निर्देश दिए है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं



निर्माणकार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं होगी। कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो कार्य समय सीमा के अन्तर्गत है, उन्हें गुणवत्ता के साथ अतिरिक्त मैनपावर तथा रिसोर्स लगाकर तेजी से पूर्ण किया जाये तथा जिन परियोजनाओं में समय के विस्तार की आवश्यकता है, उनका उचित कारण देते हुए समयसीमा का विस्तार कराये जाने एवं ऐसी परियोजनाओं जिसमें अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है, उसके लिए डिमांड भेजे जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैकिंग वाले विभागों की प्रतिदिन मानीटरिंग कराने के लिए कहा है।

सीडीओ ने सम्बंधित अधिकारी को जो निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हो पाये है, जहाँ पर निर्माण स्थान पर भूमि से संबंधित विवाद हैं उसे संबंधित एसडीएम के माध्यम से निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने फीडिंग के कार्य में ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गंगा नदी या सहायक नदी पर जो भी निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित हो, उस निर्माण कार्य को कराए जाने से पहले एनएमसीजी/एनजीटी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा, उन्होंने सख्त हिदायत दी कि बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य न कराया जाए।

# संपादकीय

## नेताओं को वेतन और भत्तों में कटौती करनी चाहिए

देश जब किसी बड़े संकट से गुजरता है, तब केवल सरकारों की नीतियाँ ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का आचरण भी कसौटी पर परखा जाता है। इतिहास गवाह है कि कठिन समय में वही राष्ट्र मजबूत होकर उभरे हैं, जहाँ नेतृत्व ने जनता के सामने त्याग, सादगी और नैतिकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। आज जब देश आर्थिक, सामाजिक और मानवीय चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि सांसदों और विधायकों सहित सभी जनप्रतिनिधि अपने वेतन, भत्तों और सरकारी सुविधाओं का त्याग कर देशहित में एक प्रेरणादायक संदेश दें।

सांसद और विधायक लोकतंत्र के प्रतिनिधि होते हैं। वे जनता के वोट से चुनकर संसद और विधानसभाओं तक पहुँचते हैं। जनता उनसे केवल कानून बनाने या भाषण देने की अपेक्षा नहीं करती, बल्कि यह भी चाहती है कि वे समाज के लिए आदर्श बनें। ऐसे समय में जब लाखों लोग बेरोजगारी, महँगाई, स्वास्थ्य संकट और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हों, तब जनप्रतिनिधियों द्वारा मिलने वाले मानदेय, गाड़ी भत्ता, डीजल-पेट्रोल खर्च, मकान किराया और टेलीफोन बिल जैसी सुविधाओं का त्याग निश्चित रूप से जनता के मन में विश्वास और सम्मान पैदा करेगा।

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ जनप्रतिनिधियों को अनेक प्रकार की सुविधाएँ इसलिए दी जाती हैं ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें। लेकिन जब देश संकट में हो, तब नैतिकता यह कहती है कि नेतृत्व सबसे पहले अपने विशेषाधिकारों में कटौती करे। यह केवल आर्थिक बचत का प्रश्न नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी का विषय भी है। यदि देश का आम नागरिक कठिनाइयों में अपने खर्च कम कर सकता है, तो जनप्रतिनिधियों को भी त्याग और संयम का परिचय देना चाहिए।

आज समाज में राजनीति के प्रति अविश्वास बढ़ने का एक बड़ा कारण यह है कि जनता को लगता है कि नेताओं और आम नागरिकों के जीवन में बहुत बड़ा अंतर है। चुनाव के समय नेता जनता के बीच जाकर सेवा और त्याग की बातें करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद अनेक बार वे सुविधाओं और विशेषाधिकारों में उलझ जाते हैं। यही कारण है कि लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती दिखाई देती है। यदि सांसद और विधायक स्वेच्छा से अपने वेतन और भत्तों का त्याग करें, तो यह राजनीति में नैतिकता की नई शुरूआत हो सकती है।

इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जब नेताओं ने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। महात्मा गांधी ने सादगी को अपना जीवन बनाया। लाल बहादुर शास्त्री ने देशवासियों से एक समय का उपवास रखने की अपील की और स्वयं भी उसका पालन किया। स्वतंत्रता आंदोलन के अनेक सेनानियों ने व्यक्तिगत सुख, संपत्ति और परिवार तक का त्याग कर दिया। आज के नेताओं के सामने परिस्थितियाँ भले अलग हों, लेकिन राष्ट्रसेवा की भावना वही होनी चाहिए।

यदि सांसद और विधायक अपने भत्तों और सुविधाओं का कुछ हिस्सा भी छोड़ दें, तो उससे करोड़ों रुपये की बचत हो सकती है। यह धन स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, गरीबों के कल्याण, किसानों की सहायता और आपदा राहत जैसे कार्यों में लगाया जा सकता है। देश में ऐसे लाखों परिवार हैं, जिन्हें आज भी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। कई गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ कमजोर हैं, और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का त्याग केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं होगा, बल्कि वास्तविक मदद का माध्यम भी बन सकता है।

## संकट में संयम की अपील

**रोहित माहेश्वरी**

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। ऐसे सवाल यह है कि क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डेवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है।

दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह ह्यअकालह्न हम 1990-92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के ह्यदानह्न के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम : सोना बचत और वर्क फ्रॉम होम का संदेश

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, ह्यवर्क फ्रॉम होम'(जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ(धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- ह्यबूंद-बूंद से घड़ा भरता हैह्न छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह कर-के रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके। गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और ह्यलोकल फॉर वोकलह्न को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।ह्नलोकल फॉर वोकलह्न से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बबार्दी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए।कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।हमारी उत्पादकता (प्रोडेक्टिविटी) में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जब संकट आए तब ही हम बचत क्यों करें, जीवन के हर पलों में हमें बचत करनी चाहिए, ताकि कभी कोई संटक आए ही नहीं।पीएम ने वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जो संसाधनों की बचत के साथ आर्थिक नजरिये से भी फायदेमंद है। ऐसे ऑर्गनाइजेशन जहां, 100-200 या ज्यादा स्टाफ है, वहां लोगों को वर्क फ्रॉम होम या हाइब्रिड मॉडल में काम की सुविधा दी गई तो तेल का खर्च बचेगा। यात्रा की थकान कम होगी और प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने और गैर-जरूरी विदेश यात्रा टालने को कहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश की तुलना में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग में 30-36% तक ज्यादा खर्च होता है। इसमें देश का बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खर्च होता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी भारत की हर 100 डेस्टिनेशन वेडिंग में 15 विदेश में होती है। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, हिमाचल और कश्मीर जैसी कई जगहें हैं, जिनका चुनाव किया जा सकता है। आज इलेक्ट्रिक गाड़ी सबसे प्रभावी विकल्प है,बचत का। इससे पाल्यूशन भी नहीं होता,तेल की भी बचत होती है।सरल शब्दों में कहें तो इलैक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये वाहन पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर होती है। ई-व्हीकल चलाने में खर्च भी कम आता है, क्योंकि बिजली की लागत ईंधन से सस्ती होती है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है और देश की तेल पर निर्भरता घटती है। आधुनिक तकनीक से लैस ये वाहन ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। आज केमिकल खाद के स्थान पर जैविक खाद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद सिद्ध हो सकता है।

# जोड़-तोड़कर सरकार बनाने की रणनीति

**अशोक भाटिया**

भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता हासिल की, तब से विपक्षी सांसदों और विधायकों द्वारा पार्टी की निष्ठा बदलकर भाजपा में शामिल होने के कई उदाहरण सामने आए हैं। राघव चड्ढा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का हाल ही में भाजपा में शामिल होना इसी का एक उदाहरण है।

मार्च 2020 में मध्य प्रदेश में कमल नाथ की सरकार गिराने के लिए 22 कांग्रेस विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। कुछ मामलों में नेता सीधे भाजपा में शामिल नहीं होते, लेकिन उसकी मदद करते हैं। जैसे 2020 में मणिपुर में, आठ कांग्रेस विधायकों ने अपनी पार्टी के आदेश (व्हिप) को नहीं माना और विश्वास मत के दौरान वोटिंग से दूर रहे, जिससे भाजपा सरकार बच गई। इसके अलावा, कई बार नेता सीधे भाजपा में भी शामिल हो जाते हैं।

आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों ने एक ऐसी विधि का इस्तेमाल किया है जिसका इस्तेमाल अतीत में कई बार किया जा चुका है झ दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता से बचने के लिए सदन में पार्टी के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों को तोड़ना और पीठासीन अधिकारी के फैसले के अधीन भाजपा के साथ विलय का दावा करना।



आम आदमी पार्टी के सांसदों का दल-बदल पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका रहा है , जिससे यह संदेश जाता है कि पार्टी पर उनका नियंत्रण नहीं है। भाजपा ने केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके मुख्यमंत्री आवास की योजना को फिर से उठाया है और इस तरह उनके खिलाफ अपने शीश महल विवाद को फिर से हवा देने की कोशिश की है।आम आदमी पार्टी के संकट से पहले भी विपक्षी दलों ने भाजपा पर बार-बार आरोप लगाया है कि वह उनकी पार्टियों को विभाजित करने और अलग हुए गुटों के साथ गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक के बाद एक राज्यों में ऑपरेशन लोटस चला रही है। विपक्षी विधायकों द्वारा भाजपा में विलय करके सरकार बनाने में मदद करने के कई मामले भी सामने आए हैं।

2023 में अजीत पवार ने एनसीपी को विभाजित कर दिया। इसमें पार्टी के ज्यादातर विधायकों और नेताओं ने उनका समर्थन किया। एनसीपी ने तब एक बयान जारी कर कहा था, 30 जून, 2023 को एनसीपी के विधायी और संगठनात्मक दोनों विंग के सदस्यों के भारी बहुमत से हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके तहत अजीत अनंतराव पवार को एनसीपी का अध्यक्ष चुना गया। एनसीपी ने अजीत पवार को महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी विधायक दल का नेता नियुक्त करने का भी निर्णय लिया और इस निर्णय को एनसीपी विधायकों के भारी बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित किया गया।इसके बाद, दिवंगत अजीत पवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपने गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने की मांग की, साथ ही उन्होंने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।2022 में शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को विभाजित कर दिया और उसके 55 विधायकों में से 40 और 19 सांसदों में से 12 को अपने साथ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में ले गए। इन दोनों ही मामलों में, चुनाव आयोग ने अलग हुए गुटों को मूल पार्टी चिन्ह दिया और शिंदे सेना और अजीत एनसीपी दोनों को असली पार्टी के रूप में मान्यता दी। शिंदे का उद्देश्य उद्धव सेना को विभाजित करके भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बनना था। वहीं, एनसीपी के मामले में, अजीत पवार का लक्ष्य न केवल सरकार में शामिल होना था, बल्कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की विरासत पर दावा करना और अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले को दरकिनार करना भी था। दोनों ही मामलों में भाजपा को लाभ हुआ, क्योंकि उद्धव सरकार के पतन के बाद एनडीए सत्ता में आया और फिर उसने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने देवेंद्र फड़नवीस को अपना मुख्यमंत्री बनाया और सहयोगी दलों ने उनके उपमुख्यमंत्री के पद पर समझौता कर लिया।

2019 में टीडीपी के छह राज्यसभा सांसदों में से चार भाजपा में शामिल हो गए। इससे उच्च सदन में पार्टी की संख्या दो-तिहाई हो गई। एक दिन बाद, तत्कालीन राज्यसभा अध्यक्ष एम। वेंकैया नायडू ने सदन में टीडीपी संसदीय दल को भाजपा में विलय करने का आदेश जारी किया।

## आजादी का मोल तो जान लिया, पर नागरिक होने का फर्ज कब सीखेंगे?

**दिलीप कुमार पाठक**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 10 मई की तारीख महज एक घटना नहीं, बल्कि एक हमारी चेतना के उदय का प्रतीक है। संयोग देखिए कि वर्ष 1857 के उस रविवार और आज के रविवार में एक अद्भुत समानता है झ वही तारीख और वही दिन। लेकिन इस समानता के बीच समय का एक लंबा फासला है, जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि जिस आजादी की नींव मेरठ की उन गलियों में रखी गई थी, उसे एक नागरिक के तौर पर हमने कितना समझा है। 10 मई 1857 की उस शाम मेरठ छावनी में जब भारतीय सैनिकों ने विद्रोह का बिगुल फूंका, तो वह केवल एक सैन्य बगावत नहीं थी। वह बरसों से दबे हुए उस गुस्से की आवाज थी, जो ब्रिटिश शासन के जुल्म और बेइज्जती के खिलाफ पनप रहा था।

अक्सर कहा जाता है कि बगावत चर्बी वाले कारतूसों की वजह से हुई, लेकिन असल में यह लड़ाई अपनी मिट्टी और अपनी पहचान को बचाने की थी। सोचिए, उस दौर में न तो आज की तरह मोबाइल फोन थे और न ही इंटरनेट। उन सैनिकों के पास लड़ने के लिए न तो बहुत आधुनिक हथियार थे और न ही सुख-सुविधाएं। इसके बावजूद उन्होंने ह्यरोटी और कमलह्न जैसे साधारण प्रतीकों के जरिए पूरे देश को जोड़ दिया। यह जुड़ाव इतना मजबूत था कि आज की इस सूचना क्रांति के दौर में भी वह एक मिसाल है। मेरठ से दिल्ली की ओर बढ़ने वाले उन क्रांतिकारियों के बीच धर्म, जाति या इलाके की कोई दीवार नहीं थी। उस वक्त उनके सामने सिर्फ एक ही लक्ष्य था झ देश को गुलामी की जंजीरों से बाहर निकालना। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सैनिकों ने आपसी मतभेद भुलाकर कंधे से कंधा मिलाया और दिल्ली के तख्त को अपना नेतृत्व सौंपा। भारतीय एकता के उस सुनहरे दौर को आज के विखंडित होते समाज मे फिर से याद करने की बहुत जरूरत है। लेकिन जब हम आज के हालात में उस महान क्रांति को देखते हैं, तो कई कड़वी सच्चाईयां सामने आती हैं।

आजादी मिले साढ़े सात दशक बीत चुके हैं, पर क्या हम वाकई एक जागरूक और चेतना संपन्न नागरिक बन पाए हैं? आज हमारे पास संविधान से मिले अधिकार तो हैं, परंतु हम उनके लिए लड़ना नहीं जानते और जब उन्हीं अधिकारों के साथ जुड़ी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की बात आती है, तो हम अक्सर मुंह फेर लेते हैं। आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हम आजादी का मतलब सिर्फ ह्यबाधाओं से मुक्तिह्न या अपनी मनमर्जी करना समझ बैठे हैं। हमें लगता है कि आजादी का मतलब है कि हमारे ऊपर कोई रोक-टोक न हो, जबकि असली आजादी खुद पर नियंत्रण रखने और अपने उत्तरदायित्वों को निभाने में है।

# आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, पर बौद्धिक शक्ति सीमाएँ लाँघ रही है

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

जब दुनिया की अर्थव्यवस्था अदृश्य संबंधों से नई दिशा गढ़ती है, तब भारत वह धुरी बनकर उभरता है जहाँ प्रवासन केवल स्थानांतरण नहीं, बल्कि वैश्विक प्रभाव की प्रक्रिया बन जाता है—यही चित्र विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2026 प्रस्तुत करती है। 2024 में 138 अरब डॉलर (लगभग 11.5 लाख करोड़ रुपये) का रेमिटेंस सिर्फ आँकड़ा नहीं, बल्कि 19 मिलियन भारतीय प्रवासियों की प्रतिभा, परिश्रम और उनके योगदान का सशक्त प्रमाण है। यह पहली बार है जब किसी देश ने 100 अरब डॉलर की सीमा पार की है। अब गल्फ देशों से आगे बढ़कर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से आने वाले उच्च-कुशल भारतीय पेशेवरों का योगदान भारत की बदलती प्रवासन संरचना और उसकी तेजी से उभरती वैश्विक आर्थिक शक्ति को दर्शाता है।

आज का भारतीय प्रवासन अब श्रम-आधारित नहीं, बल्कि तेजी से उच्च-कुशल वैश्विक गतिशीलता में बदल चुका है। आईटी विशेषज्ञ, डॉक्टर, इंजीनियर, शोधकर्ता और छात्र बेहतर वेतन, उन्नत शोध अवसरों और उच्च जीवन स्तर के लिए विदेश जा रहे हैं। विश्व बैंक और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार एच-1बी जैसी नीतियों ने भारतीय आईटी कौशल को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाया, लेकिन घरेलू प्रशिक्षण और रोजगार पर भी असर डाला है। आईआईटी जैसे संस्थानों के कई छात्र, खासकर टॉप रैंकर्स में एक तिहाई या अधिक विदेश जाते हैं, जिससे प्रतिभा का बड़ा हिस्सा बाहर चला जाता है, हालांकि कुछ मामलों में यह ब्रेन सकुर्लेशन का रूप भी लेता है।

रेमिटेंस आज भारतीय अर्थव्यवस्था की एक सशक्त वित्तीय धारा बन चुका है, जो परिवारों की आय को तुरंत सुदृढ़ कर शिक्षा, स्वास्थ्य और उपभोग व्यय को तेजी से बढ़ाता है।

इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा, स्थिरता और क्रय शक्ति का विस्तार होता है। आरबीआई के अनुसार पश्चिमी देशों से आने वाला उच्च-मूल्य रेमिटेंस अब गल्फ देशों की तुलना में अधिक प्रभावी भूमिका निभा रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होता है और घरेलू मांग को निरंतर बल मिलता है। लेकिन यह विकास का पूर्ण आधार नहीं है, क्योंकि उच्च-कुशल प्रतिभा के बाहर जाने से दीर्घकाल में नवाचार, अनुसंधान एवं उत्पादकता पर दबाव भी बढ़ सकता है।

यह प्रवासन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक बदलावों की परतें भी उकेरता है। ह्यगल्फ वाइव्सह्न और ह्यएनआरआई पैरेंट्सह्न जैसी नई पारिवारिक संरचनाएँ तेजी से आकार ले रही हैं, जहाँ परिवार का एक हिस्सा विदेश में और दूसरा देश में भावनात्मक दूरी के साथ जीवन जीने को मजबूर होता है। बुजुर्ग माता-पिता अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझते हैं, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। युवा पीढ़ी में विदेश-गमन की आकांक्षा एक मजबूत सामाजिक प्रवृत्ति बन चुकी है, जिससे घरेलू शिक्षा और करियर के मानक भी विदेशी मॉडल की ओर झुकते जा रहे हैं। साथ ही, महिलाओं पर पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ने से उनके जीवन में सामाजिक और भावनात्मक दबाव और अधिक गहरा हो जाता है।

ब्रेन ड्रेन और ब्रेन गेन का विमर्श आज वैश्विक विकास की सबसे निर्णायक बहसों में बदल चुका है। अनेक अध्ययनों से यह संकेत मिलता है कि विदेश जाने की संभावना घरेलू स्तर पर कौशल उन्नयन को भी गति देती है, जैसा कि फिलीपींस के नर्सिंग क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखा गया। भारत में भी यह प्रभाव आईटी सेक्टर में दिखाई देता है, जहाँ वैश्विक मांग ने प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा दोनों को नई ऊँचाई दी है।

साथ ही ब्रेन गेन के रूप में रिवर्स माइग्रेशन भी बढ़ा है—2023-24 में लाखों प्रोफेशनल्स भारत लौटे, जिन्होंने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और स्टार्टअप्स को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। फिर भी स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में डॉक्टरों और प्रोफेसरों की कमी आज भी एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

## पढ़ाई बढ़ी.. लेकिन स्किल क्यों नहीं बढ़ी?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आज का समाज एक अजीब विरोधाभास के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ शिक्षा का स्तर पहले से कहीं अधिक ऊँचा दिखाई देता है—हर घर में बच्चे पढ़ रहे हैं, कोचिंग, ऑनलाइन क्लासेस और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं, और परिणामस्वरूप अंक भी लगातार बेहतर हो रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ एक सवाल लगातार सिर उठाता है—क्या सच में हम सीख रहे हैं, या सिर्फ अंकों का संग्रह कर रहे हैं? यह विडंबना केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की दिशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। स्कूल से लेकर कॉलेज तक बच्चों को एक ऐसी दौड़ में शामिल कर दिया गया है, जहाँ लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाना, उच्च रैंक हासिल करना और अधिक से अधिक प्रमाणपत्र जुटाना रह गया है। इस पूरी प्रक्रिया में सीखना कहीं पीछे छूट गया है। बच्चे यह समझने लगते हैं कि सफलता का मतलब है परीक्षा में सही उत्तर लिख देना, न कि उस ज्ञान को जीवन में लागू कर पाना।

इसी कारण आज हम ऐसे युवाओं को देखते हैं जो कागज पर बेहद सफल हैं, लेकिन वास्तविक जीवन की चुनौतियों के सामने असहज हो जाते हैं। वे जटिल प्रश्न हल कर सकते हैं, लेकिन सरल समस्याओं के व्यावहारिक समाधान में अटक जाते हैं। आत्मविश्वास की कमी, निर्णय लेने में झिझक, और नई परिस्थितियों में खुद को ढालने की कमजोरी—ये सब उस शिक्षा का परिणाम हैं जो याद करने पर अधिक और समझने पर कम आधारित है। हमारी शिक्षा प्रणाली लंबे समय से रटने की संस्कृति पर टिकी रही है। बच्चों को यह सिखाया जाता है कि कौन-सा प्रश्न कैसे आएगा और उसका उत्तर किस तरह लिखना है। इस प्रक्रिया में उनकी जिज्ञासा धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। वे सवाल पूछने से कतराने लगते हैं, क्योंकि उन्हें डर होता है कि कहीं वे गलत न साबित हो जाएँ। रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच, जो किसी भी समाज के विकास के लिए जरूरी होती है, इस दबाव में दब जाती है। जब यही बच्चे उच्च शिक्षा पूरी कर नौकरी की दुनिया में प्रवेश करते हैं, तब वास्तविकता सामने आती है। कंपनियाँ केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल चाहती हैं—समस्या को समझने की क्षमता, टीम के साथ काम करने का हुनर, संवाद कौशल, और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की योग्यता।

लेकिन शिक्षा व्यवस्था ने उन्हें इन सबके लिए तैयार ही नहीं किया होता। यही कारण है कि डिग्री बढ़ने के बावजूद रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने में युवा पीछे रह जाते हैं। यह केवल बेरोजगारी का नहीं, बल्कि स्किल गैप का संकट है। इस पूरी प्रक्रिया का एक और गंभीर पहलू है—मानसिक दबाव।

# डी-कोड और सिख लाइट इन्फैंट्री ट्रेनिंग सेंटर के बीच एमओयू : प्रो. विनय कुमार पाठक

**कानपुर।**
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर के डी-कोड और सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर फतेहगढ़ के बीच गुरुवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे शिक्षा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में बड़ा कदम बताया। एमओयू के माध्यम से सैनिकों और जवानों को बेहतर शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह बातें गुरुवार को कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहीं।



कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि भारतीय सेना अनुशासन, पराक्रम और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। विश्वविद्यालय और सेना के बीच हुआ यह समझौता सैनिकों के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सैनिक देश की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च योगदान देते हैं और ऐसे शैक्षिक सहयोग उन्हें नई दिशा प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने डी-कोड की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एमओयू सैनिकों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पाठ्यक्रमों के संचालन से जवान अपनी सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा और बौद्धिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि सेना के साथ एमओयू कर विश्वविद्यालय परिवार खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर सेना की आवश्यकताओं के अनुसार नए पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहेगा। इससे पूर्व डी-कोड के निदेशक डॉ. सरोज कुमार द्विवेदी ने डी-कोड की गतिविधियों और एमओयू के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डी-कोड की शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डी-कोड के सह निदेशक डॉ. विमल सिंह ने किया। कार्यक्रम में कमांडेंट कर्नल गौरव बोस, डिप्टी कमांडेंट, अन्य सैन्य अधिकारी, डी-कोड की कोर टीम, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की अपील पर किसानों ने बैल बुग्गी से गांव-गांव जाकर की स्थापना दिवस में शामिल होने की अपील

**बिजनौर**
महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर संगठन का स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्याक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बैल बुग्गी से गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार किया। अधिक से अधिक किसानों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया।



चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बागड़पुर में 15 मई को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर संगठन का स्थापना दिवस "पानी बचाओ, पेड़ बचाओ, मिट्टी बचाओ, खेत बचाओ" संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। संगठन प्रतिवर्ष इस अवसर पर किसानों, युवाओं और समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि बचाने का संकल्प दिलाने का कार्य करता है।

जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में अतुल बालियान, शुभम कुमार, डैनी, कपिल कुमार, देवानंद भूमिहार, स्पर्श आदि पदाधिकारियों ने बैल बुग्गी से गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार किया। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने बताया कि इस वर्ष भी कार्यक्रम में 1000 लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। साथ ही बरसात शुरू होते ही पौधारोपण के साथ उन पौधों को सुरक्षित रखने का अभियान भी चलाया जाएगा। नितिन सिरोही ने बताया कि कार्यक्रम में मिट्टी में लगातार कम हो रहे जीवांश कार्बन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। इस गोष्ठी में उत्तर प्रदेश सरकार के जॉइंट डायरेक्टर कृषि विभाग जेपी चौधरी तथा कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी दिगंबर सिंह संगठन निर्माण एवं किसान हितों के संकल्प पर प्रकाश डालेंगे।

जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि "देश तभी मजबूत होगा जब किसान समृद्ध होगा।

देश के किसानों ने हर संकट में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल और डीजल की बचत की अपील की गई है, ऐसे समय में संगठन ने भी ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया है।

# पूविवि ने जारी किया एलएलबी-एलएलएम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम

**जौनपुर।**
उत्तर प्रदेश के जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षाएं 20 मई से शुरू होकर विभिन्न तिथियों तक दो पॉलियों में आयोजित की जाएंगी।




जारी कार्यक्रम के अनुसार एलएलबी प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) की परीक्षाएं 20 मई से एक जून तक चलेंगी। एलएलबी द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) की परीक्षाएं 22 मई से 30 मई तक आयोजित होंगी। एलएलबी तृतीय वर्ष (षष्ठम सेमेस्टर) की परीक्षाएं 20 मई से 29 मई के बीच कराई जाएंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक संपन्न कराई जाएंगी।

इसके अलावा एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 मई से 29 मई तक तथा एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से 28 मई तक सुबह आठ बजे से पूर्वाह्न 11 बजे की पॉली में आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में शुक्रवार को जानकारी लेने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दिया गया है और सभी केंद्रों को आवश्यक निर्देश भेज दिए गए हैं।

# 'गाजी मियां' के पलंग– पीढ़ी मेदनी का जुलूस बहराइच रवाना,जुलूस में लोगों ने पूरे उत्साह से की भागीदारी

### बड़ी बाजार स्थित गाजी मिया के दरगाह पर सुबह से बड़ी संख्या में जुटे अकीदतमंद

**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में शुक्रवार को सलारपुर बड़ी बाजार स्थित हजरत सैयद सलार मसूद गॉजी रहमतुल्लाह अलैह ('गाजी मियां') की मजार से पलंग– पीढ़ी मेदनी की जुलूस (शादी का सगुन) लेकर दरगाह कमेटी के पदाधिकारी व अकीदतमंद अपने–अपने साधनों से बहराइच के लिए रवाना हो गए।



इसके पहले आस्ताने (दरगाह ) से सुबह आठ बजे गाजी मियां के मेदिनी व पलंग पीढ़ी का जुलूस निकला, क्षेत्रीय हजारों अकीदतमंद पुरूष,महिलाएं व बच्चे पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। दरगाह कमेटी के गद्दीनशीन हाजी एजाजुद्दीन हाशमी ने बताया कि सलारपुर बड़ीबाजार स्थित गाजी मियां के रौजे से निकलने वाला यह जुलूस सैकड़ों वर्ष पुराना है। रवायत के अनुसार निकलने वाले इस जुलूस में सभी वर्ग के अकीदतमंद पूरे उत्साह के साथ शामिल होते हैं। यह जुलूस जगह-जगह लोगों को जियारत कराते हुए बहराइच स्थित गाजी मियां के रौजे पर पहुंचेगी।

## नोएडा में कार में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।**
नोएडा में थाना सेक्टर 39 पुलिस ने बीती रात को आर्टिका कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने तीन चाकू और दो देसी तमंचा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग कार में लिफ्ट देकर राहगीरों से लूटपाट करते हैं।



थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर सेक्टर 37 चौकी प्रभारी अंकुर चौधरी ने नसीम अली, अभिषेक, कार्तिक, विवेक और मनोज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ये लोग एक कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सेक्टर 37 के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे थे। जब उनकी तलाशी ली गई तो इनके पास से तीन अवैध चाकू और दो देशी तमंचा और कारतूस मिला है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी राहगीरों को कार में लिफ्ट देकर उनसे लूटपाट करते हैं। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने लूटपाट और चोरी की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है।

## नोएडा में अलग-अलग जगहों पर दो अज्ञात लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में नोएडा के विभिन्न जगहों पर दो अज्ञात लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के जिला अस्पताल के गेट पर एक युवक मूर्छित अवस्था में बीती रात को मिला। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया की सहायता से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के एफ- ब्लॉक में एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे मूर्छित अवस्था में मिला। उसे किसी राहगीर ने नोएडा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट करवा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## बुलंदशहर: संपत्ति विवाद में दरोगा ने अपने भाई को फंसाने की रची साजिश, मुकदमा दर्ज

**बुलंदशहर।**
दारोगा ने जमीन हड़पने के लिए शिक्षक भाई को रामपुर के हनीट्रैप गिरोह से फंसवा दिया। पुलिस ने मामले में दारोगा समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सिटी अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव उलेड़ा निवासी राकेश कुमार प्राथमिक विद्यालय लोहगरा में अध्यापक है। राकेश के पास एक माह पहले मोबाइल पर एक युवती की काल आई। युवती ने कहा कि वह उससे बात करना चाहती हैं, दोनों के बीच बात होने लगी। छह मई को युवती ने उसको हापुड़ बुलाया और हापुड़ में घुमाने के लिए कहा। राकेश उसके साथ हापुड़ में घूमने लगा। हापुड़ में घूमने के दौरान युवती ने अपने फोन में दोनों के फोटो खींच लिए।

### शराब के नशे में बेड और दीवार के गैप के बीच गर्दन फंसने से युवक की मौत

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के तुगलपुर गांव में रहने वाला एक व्यक्ति शराब के नशे में बीती रात को अपने बेड से उठकर बाथरूम जाते वक्त लड़खड़ा कर गिर गया। उसकी गर्दन बेड और कमरे की दीवार के बीच के गैप में फंस गई। उसे चोट लगी और उसकी मौत हो गई। उसके कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगा था, जिसकी जांच करने पर पुलिस को पूरी घटना की हकीकत पता चली।

# परमट स्कूल शिलान्यास से पहले सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी के घर के बाहर भारी पुलिस बल

**कानपुर।**
उत्तर प्रदेश के कानपुर जिला मुख्यालय पर परमट स्थित प्राथमिक स्कूल में प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सियासी तनाव बढ़ गया है। शुक्रवार को होने वाले भूमि पूजन से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अमिताभ बाजपेयी के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घर के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर रास्तों को बंद कर दिया गया है। विधायक ने देर रात सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरें साझा कर पुलिस व्यवस्था को छावनी जैसा माहौल बताया।



परमट प्राथमिक स्कूल के पुनर्निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से सपा और भाजपा समर्थकों के बीच तनातनी चल रही है। बुधवार को भी कार्यक्रम को लेकर दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच नारेबाजी हुई थी। शुक्रवार को प्रस्तावित शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम से पहले प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहा है। ग्वाल टोली स्थित परमट इलाके में स्कूल के आसपास भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि उन्होंने किसी विशेष तैयारी की योजना नहीं बनाई थी। तय मुहूर्त के अनुसार पत्नी के साथ जाकर भूमि पूजन करने वाले थे।

उनका कहना है कि स्कूल का जीर्णोद्धार उनकी विधायक निधि से कराया जा रहा है। वह अपनी विधानसभा के कार्यक्रम में शामिल होने से पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने बताया कि सुबह से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के लगातार फोन आ रहे हैं। अधिकारियों की ओर से उन्हें कहा गया कि यदि वह कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे तो स्थिति बिगड़ सकती है।

# औरैया में दैनिक योग से निखर रहा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व, स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल तहसील क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में 'मिशन शिक्षण संवाद' समूह के माध्यम से संचालित दैनिक योग गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला बनती जा रही हैं। नियमित योगाभ्यास से बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।



जनपद संयोजक ज्ञान प्रकाश के सहयोग से मिशन शिक्षण संवाद समूह द्वारा प्रतिदिन योग गतिविधियाँ, श्यामपट्ट संदेश तथा प्रेरणादायक सामग्री साझा की जाती है। इन संदेशों से प्रेरित होकर अजीतमल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुड़ैना रुपशाह, ज्ञानपुर प्रताप सिंह, न्यामतपुर, बिरुहूनी और हैदरपुर सहित करीब आधा दर्जन विद्यालयों में नियमित योग कराया जा रहा है। इसके साथ ही भाग्यनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर फफूँद एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीपुर फफूँद में भी बच्चों को प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि योग से विद्यार्थियों में एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना मजबूत हो रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनकी पढ़ाई और व्यवहार में भी दिखाई दे रहा है।

## कानपुर में पड़ोसी दुकानदार ने मासूम को गलत तरीके से छुआ, मुकदमा दर्ज

**कानपुर।**
उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद के बिठूर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने एक मासूम बच्ची के साथ बैड टच किया। बच्ची की सतर्कता और परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बच्ची ने परिजनों को बताया कि जब वह स्कूल से वापस आ रही थी तभी घर के बगल में अभिषेक तिवारी नाम के युवक की जनरल स्टोर की दुकान है । आरोप है कि उसने बच्ची को अकेला पाकर दुकान ने बुलाया और उसके साथ गंदी हरकत करने लगा। किसी तरह मासूम आरोपित के चंगुल से छूटकर घर पहुंची। परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें घटना की गंभीरता साफ देखी जा सकती है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने तत्काल बिठूर थाने पहुंचकर शातिर के खिलाफ लिखित तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना संज्ञान में है और परिजनों की तहरीर के आधार पर देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के तीन टीमों का गठन किया गया है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

# हमीरपुर में चक्काजाम,थाने में मारपीट प्रकरण में दूल्हे सहित 40 बारातियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, तीन गिरफ्तार

**हमीरपुर।**
उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मुस्करा थाने में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने बड़ी वैधानिक कार्यवाही की है। शुक्रवार को पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एएसपी एके वर्मा ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट और नेशनल हाईवे जाम करने के आरोप में दूल्हा दीपक समेत पांच नामजद और 35 अज्ञात बारातियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



घटनाक्रम की शुरूआत गुरुवार को मुस्करा के विक्रम पैलेस के सामने हुए एक हादसे से हुई, जिसमें एक बच्चे की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना से आक्रोशित बारातियों और परिजनों ने राठ-हमीरपुर हाईवे पर शव रखकर करीब 3 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। हाईवे जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम खुलवाने और मामले को शांत कराने के प्रयासों के बीच स्थिति तब और बिगड़ गई जब उपद्रवी बाराती मुस्करा थाने के भीतर जा घुसे। बारातियों ने लाठी-डंडों से लैस होकर थाने पर हमला बोल दिया ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गई। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी दी गई।

एएसपी ने बताया कि दूल्हा दीपक सहित 5 लोगों को नामजद किया गया है । इसके अलावा 35 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है आरोपितों पर सरकारी काम में बाधा डालने, बलवा करने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने जैसी संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी ने बताया है कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अन्य उपद्रवियों की पहचान करने में जुटी है। इस कार्यवाही के बाद से क्षेत्र के असमाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

## 6 साल में सरकार ने कमाए सोने के आयात से 1,22,428 करोड़

नई दिल्ली ।

देश में सोने के बढ़ते आयात से केंद्र सरकार की कमाई लगातार बढ़ रही है। बीते छह वर्षों में सोने पर लगाए गए आयात शुल्क से सरकार को कुल 1,22,428 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। वर्ष 2025-26 में सोने का आयात 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे सरकार को 37,341 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे पहले 2024-25 में 58 अरब डॉलर के आयात पर 26,402 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारों, शादी सीजन और निवेश के रूप में सोने की बढ़ती मांग के कारण आयात में तेजी आई है। सरकार को आयात शुल्क के जरिए बड़ा राजस्व मिल रहा है, लेकिन इससे व्यापार घाटे पर भी असर पड़ रहा है।

| वर्ष | सोने का आयात (अरब डॉलर) | शुल्क से मिला राजस्व (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 34.6 | 8,269 |
| 2021-22 | 46.1 | 20,376 |
| 2022-23 | 35.1 | 12,293 |
| 2023-24 | 45.5 | 17,747 |
| 2024-25 | 58 | 26,402 |
| 2025-26 | 72 | 37,341 |

## गोल्ड मार्केट में चीन सबसे बड़ी ताकत, अप्रैल 2026 में 8 टन सोना खरीदा

### चीन सोना खरीदकर अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता करना चाहता है कम

नई दिल्ली।

चीन इन दिनों दुनिया भर के गोल्ड मार्केट में सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। चीन का केंद्रीय बैंक लगातार बड़े पैमाने पर सोना खरीद रहा है और अप्रैल 2026 तक यह सिलसिला जारी रहा। अब इस खरीदारी ने ग्लोबल मार्केट और डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अप्रैल 2026 में अकेले 8 टन सोना खरीदा। इसके साथ ही चीन के आधिकारिक गोल्ड रिजर्व बढ़कर 7 करोड़ 28 लाख ट्रॉय औंस तक पहुंच गए हैं। मार्च के आखिर तक इन रिजर्व की कुल कीमत करीब 342.76 अरब डॉलर आंकी गई। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की यह खरीदारी सिर्फ सामान्य निवेश नहीं है, बल्कि इसके पीछे लंबी आर्थिक और रणनीतिक सोच है। चीन लगातार अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। यही वजह है कि वह विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा अब सोने में बदल रहा है। हाल के वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव, प्रतिबंधों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता ने बीजिंग को नई रणनीति अपनाने पर मजबूर किया है। चीन मानता है कि सोना ऐसा एसेट है, जिसे कोई देश फ्रीज नहीं कर सकता यानी अगर भविष्य में आर्थिक प्रतिबंध या वैश्विक संकट बढ़ते हैं, तो सोना उसके लिए सुरक्षा कवच का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक एक और बड़ी वजह चीन की अपनी मुद्रा युआन को मजबूत बनाना भी मानी जा रही है। चीन चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की जगह युआन का इस्तेमाल बढ़े। ऐसे में मजबूत गोल्ड रिजर्व उसकी वित्तीय साख बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद चीन लगातार खरीदारी कर रहा है। इससे साफ संकेत मिलता है कि बीजिंग शॉर्ट टर्म मुनाफे के बजाय लॉन्ग टर्म रणनीति पर काम कर रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन फिलहाल बाजार को हिलाने के लिए नहीं, बल्कि धीरे-धीरे एक मजबूत और सुरक्षित रिजर्व तैयार करने के मिशन पर है, लेकिन लगातार बढ़ती मांग का असर ग्लोबल गोल्ड मार्केट पर साफ दिख रहा है। चीन के साथ-साथ आम निवेशकों की खरीदारी भी बढ़ रही है, जिससे सोने की कीमतों को लगातार सपोर्ट मिल रहा है।

## आरबीआई दे सकता है रिकॉर्ड डिविडेंड

### मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार को बड़ी राहत की उम्मीद

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इस वर्ष केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने की तैयारी में है। मिडिल ईस्ट संकट और वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच यह रकम सरकार के लिए बड़ा वित्तीय सहारा साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, आरबीआई बोर्ड की इस महीने होने वाली बैठक में सरकार को दिए जाने वाले डिविडेंड और सरप्लस ट्रांसफर की अंतिम राशि पर फैसला लिया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 789, निफ्टी 277 अंक उछला

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक बढ़कर 75398.72 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक उछलकर 23689.60 के स्तर पर बंद हुआ। आज लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी रही। कारोबार के दौरान दूरसंचार, फार्मा और निजी बैंकिंग शेयरों में में उछाल आया। सेंसेक्स शेयरों में, भारती एयरटेल सबसे बड़ा लाभ कमाने वाला शेयर रहा, जिसके शेयरों में 5 फीसदी से अधिक की तेजी आई। वहीं एटरनल के शेयरों में 3.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2.67 फीसदी की बढ़त हुई, जिससे सेंसेक्स में सबसे अधिक लाभ इन्हीं शेयरों के कारण हुआ। . अदानी पोर्ट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर भी उछले। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुले। सुबह बाजार खुलते ही बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा ऊपर आया जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। सुबह सेंसेक्स 338 अंक बढ़कर 74,947.12 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 118 अंक उछलकर 23,530 पर पहुंच गया। वहीं आज एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 0.47 फीसदी उछला जबकि हांगकांग का हैंग सेंग लगभग 1 फीसदी बढ़ा।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुम्बई ।



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भारतीय रुपय तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 95.72 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और अपने ऑल-टाइम लो (सर्वकालिक निचले स्तर) पर पहुंच गया। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 95.86 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 95.74 पर खुला और बाद में और गिरकर 95.86 के स्तर तक आ गया। वहीं बुधवार को रुपया 95.75 पर बंदु हुआ था। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

## डॉलर के मुकाबले क्यों टूट रहा रुपया..जाने कारण

मुंबई।

भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में यह 20 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा दिन है जब रुपए ने डॉलर के मुकाबले नया रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ है। बीते तीन दिनों में रुपए में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो घरेलू मुद्रा पर बढ़ते दबाव को दिखाता है। बुधवार को यह 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण हैं, जिसमें कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संकट और अमेरिकी डॉलर की मजबूती शामिल हैं। इन कारकों के चलते, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है, जिसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर खुला और जल्द ही निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव (जिसे लेख में ईरान युद्ध से जोड़ा गया है) के कारण अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 106.10 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, और कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ने और देश के व्यापार घाटे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भी भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, बुधवार को उन्होंने 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर की ब्रिकी की है। जिससे रुपए पर और दबाव बढ़ा।

# समय के साथ भारत ने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को किया मंजूर

नई दिल्ली।

कर्नाटक ने 2023 में कारखाना श्रमिकों के लिए 12 घंटे की शिफ्ट की अनुमति दी तब ट्रेड यूनियनों ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में तर्क दिया कि यह बदलाव भारत की उस प्रतिबद्धता का उल्लंघन है जो उसने आईएलओ के काम के घंटे समझौते 1919 के तहत जताई थी। इसके तहत श्रमिकों को अधिकतम प्रतिदिन आठ घंटे और प्रति सप्ताह 48 घंटे काम करने का प्रावधान है। इस प्रकार जो बहस घरेलू स्तर पर उत्पादकता, वेतन और श्रमिकों की पसंद के बीच संतुलन पर होनी चाहिए थी वह एक अंतरराष्ट्रीय मामले में बदल गई। यह अपनी तरह की कोई इकलौती घटना नहीं है। यह एक सदी पहले लिए गए फैसला का परिणाम है। भारत ने काम के घंटों को लेकर खुद को आईएलओ के नियमों के सबसे हस्तक्षेपकारी हिस्से से आबद्ध कर लिया था। भारत आईएलओ का संस्थापक सदस्य है और वह 1922 से ही उसकी संचालन संस्था का स्थायी सदस्य रहा है। समय के साथ हमने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को मंजूर किया। इनमें से 39 अभी तक जारी हैं।

यह समस्या उतनी गंभीर नहीं होती यदि यह समझौता सार्वभौमिक सहमति को दर्शाता। आईएलओ के 187 सदस्य देशों में से केवल 52 ने सी001 को अनुमोदित किया है और केवल 30 ने इसके साथ जुड़े काम के घंटे समझौते, 1930 (सी030) को अनुमोदित किया है। प्रमुख विनिर्माण शक्तियों जैसे अमेरिका, जर्मनी, चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम ने सी001 को अनुमोदित नहीं किया है। वहीं न्यूजीलैंड ने विपरीत रास्ता अपनाया। कई दशकों तक इस संधि का पालन करने के बाद उसने इसे नामंजूर कर दिया और अब कार्य समय को राष्ट्रीय कानून और सामूहिक सौदेबाजी के जरिए नियंत्रित करता है।

भारत एक बड़ा, औद्योगीकरण की प्रक्रिया में शामिल श्रम-संपन्न अर्थतंत्र है जिसने स्वयं को 1919 के युग की कार्य समय संधि के अधीन कर लिया है, जिसे इसके अधिकांश निर्यात प्रतिस्पर्धियों ने टाल दिया है। केवल कार्य समय ही नहीं, बल्कि भारत ने अपनी 47 अनुमोदित संधियों के साथ अन्य बड़े विनिर्माण देशों की तुलना में कहीं ज्यादा सक्रियता दिखाई है। जैसे अमेरिका ने 14 और चीन ने 28 को ही किया है। भारत के संविधान में श्रम को समवर्ती सूची में रखा गया है।

आईएलओ की संधियां केवल सिफारिशें नहीं हैं। आईएलओ का प्रत्यक्ष शिकायत तंत्र और त्रिपक्षीय स्वरूप उसको संयुक्त राष्ट्र की अन्य संस्थाओं से अलग बनाता है। किसी भी नियोक्ता या श्रमिक संगठन, किसी अन्य सदस्य राज्य, अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के किसी प्रतिनिधि, या आईएलओ की अपनी संचालन संस्था द्वारा शिकायत या प्रस्तुति दर्ज की जा सकती है। गंभीर और लगातार मामलों में यह एक आयोगीय जांच का रूप ले सकता है। यदि कोई सरकार आयोग की सिफारिशों को लागू करने से सहमत नहीं होती, तो आईएलओ की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को 'ऐसी कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है जिसे वह उचित और आवश्यक समझे।' आईएलओ के फैसले व्यापार और सहायता की शर्तों में भी शामिल होते हैं। विशेषकर यूरोपीय संघ के साथ और ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन सकते हैं।

# अप्रैल 2026 में थोक महंगाई 8.3 प्रतिशत पहुंची, ईंधन-कच्चे तेल ने बढ़ाया दबाव

नई दिल्ली।

देश में अप्रैल 2026 के दौरान थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) तेजी से बढ़कर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च में 3.88 प्रतिशत थी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ईंधन, कच्चे तेल और धातुओं की कीमतों में भारी उछाल इसकी मुख्य वजह है। इस अवधि में थोक मूल्य सूचकांक बढ़कर 167 हो गया, जो मार्च में 160.8 था, जिससे महीने-दर-महीने आधार पर 3.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र में महंगाई सबसे अधिक बढ़ी, जिसकी दर अप्रैल में 24.71 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह महज 1.05 प्रतिशत थी। फ्यूल एंड पावर इंडेक्स 181.7 पर पहुंच गया। खनिज तेल की कीमतों में 29.37 प्रतिशत, पेट्रोल में 32.4 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) में 25.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई 88.06 प्रतिशत तक पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और भू-राजनीतिक तनाव ने विभिन्न क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर थोक महंगाई पर दबाव बढ़ाया है।

प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई भी अप्रैल में बढ़कर 9.17 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 6.36 प्रतिशत थी। इसमें कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में महीने-दर-महीने 16.42 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रमुख रही। वहीं, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई भी मार्च के 3.39 प्रतिशत से बढ़कर 4.62 प्रतिशत हो गई। बेसिक मेटल्स, टेक्सटाइल और केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में कीमतों में खास बढ़ोतरी हुई। डब्ल्यूपीआई के तहत आने वाले 22 विनिर्मित समूहों में से 21 में अप्रैल के दौरान कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक अप्रैल में 2.31 प्रतिशत रहा, जो ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की तुलना में अपेक्षाकृत नियंत्रित कही जा सकती है, भले ही इसमें मार्च के 1.85 प्रतिशत से कुछ वृद्धि हुई हो। कुल मिलाकर, अप्रैल 2026 में बढ़ी हुई थोक महंगाई देश की अर्थव्यवस्था पर लागत-प्रेरित दबाव को दर्शाती है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता और संबंधित वस्तुओं की कीमतों में उछाल है।

## दूध हुआ महंगा- अमूल, मदर डेयरी और पराग ने बढ़ाए दाम, जनता में आक्रोश

नई दिल्ली ।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के बाद अब लोगों को दूध की महंगाई का भी सामना करना पड़ रहा है। देश की प्रमुख दूध कंपनियों जैसे अमूल, मदर डेयरी और पराग ने अपने दूध के दामों में करीब 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। अमूल की नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी हैं, जबकि पराग की बढ़ी हुई दरें 15 मई से प्रभावी होने की संभावना है। इस मूल्य वृद्धि को लेकर वाराणसी सहित देश के कई हिस्सों में आम लोगों के बीच गहरी नाराजगी देखने को मिली है।

लोगों का कहना है कि जहां गैस सिलेंडर की कीमतें अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से जोड़ी जा रही थीं, वहीं दूध महंगा करने का कोई स्पष्ट कारण नजर नहीं आता। एक निवासी ने बताया कि उन्होंने खबरों में 2 रुपए की वृद्धि देखी थी, लेकिन बाजार में अमूल गोल्ड 3 रुपए तक महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। कई लोगों का आरोप है कि रोजमर्रा की चीजों की लगातार बढ़ती कीमतों से महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है, और दूध के दाम बढ़ने के बावजूद गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है।

उनका मानना है कि इस फैसले से मध्यम वर्गीय परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित होगा।

# पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी प्रमुख शहरों में जानें ताजा भाव

नई दिल्ली।

14 मई 2026 को देशभर में पेट्रोल और डीजल के नए दाम जारी किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच लोगों की नजरें ईंधन के दामों पर टिकी हुई हैं। हालांकि, दिल्ली और मुंबई सहित कई बड़े शहरों में आज कीमतों में बड़ा बदलाव नहीं देखा गया, लेकिन कुछ अन्य शहरों में हल्की बढ़ोतरी या कमी दर्ज की गई है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है, इसके बाद वैश्विक बाजार में कीमतों का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम लोगों की जेब पर पड़ता है। मध्य-पूर्व में जारी तनाव के कारण दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य पर खतरा बना हुआ है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आने की आशंका है। इसकारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से बिना जरूरत वाहन का उपयोग कम करने, ईंधन की बर्बादी रोकने और ऊर्जा बचाने वाली आदतों को अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने गैर-जरूरी सोने की खरीदारी टालने और खाद्य तेल का सीमित उपयोग करने की सलाह भी दी। आंकड़ों के अनुसार, नई दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर रहा, जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.54 रुपये और डीजल 90.03 रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता में पेट्रोल 105.45 रुपये और चेन्नई में 100.80 रुपये प्रति लीटर दर्ज किया गया। केंद्र सरकार की ओर से फिलहाल ईंधन राशनिंग या देशभर में कीमतों में बड़े बदलाव को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सरकारी सूत्र लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं और सप्लाई चेन को सामान्य बनाए रखने की कोशिश जारी है।

## अमेरिका कंपनियों से बोले शी, चीन में काम करने के बड़े मौके आपके सामने



बीजिंग।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए देश में और भी बड़े अवसर पैदा होने का भरोसा दिलाया है। यह बयान उन्होंने बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी ऐतिहासिक मुलाकात के दौरान अमेरिकी अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं से मुलाकात करने के दौरान दिया। ट्रंप के साथ टेस्ला के एलन मस्क, एप्पल के टिम कुक और एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग जैसे दिग्गज बिजनेस लीडर्स का एक बड़ा दल भी बीजिंग पहुंचा था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने कहा, चीन के खुलने का दरवाजा और भी बड़ा होता जाएगा। चीन, अमेरिका के साथ आपसी फायदे वाले सहयोग को मजबूत करने का स्वागत करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि चीन में अमेरिकी कंपनियों के लिए और भी बड़े मौके मिलने वाले है। इस उच्च-स्तरीय अमेरिकी सीईओ समूह में एयरोस्पेस, टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे विविध उद्योगों के दिग्गज शामिल थे। ब्लैकरॉक, ब्लैकस्टोन, बोइंग, कारगिल, सिटी, सिस्को, गोल्डमैन सैक्स, मास्टरकार्ड, मेटा और क्वालकॉम जैसी कंपनियों के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिनपिंग के साथ बैठक की शुरुआत में इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने दुनिया के शीर्ष 30 लोगों को आमंत्रित किया था, और हर किसी ने हां कह दिया। उन्होंने कहा कि वे यहां चीन को सम्मान देने और व्यापार करने के लिए उत्सुक थे, केवल सर्वोच्च स्तर के प्रतिनिधियों को ही चुना गया था। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की संभावनाओं को दर्शाती है।

## केंद्र से आया आदेश और धड़ाम हो गए चीनी कंपनियों के शेयर



मुंबई ।

गुरुवार को चीनी बेचने वाली कंपनियों के शेयरों की कीमतों में गिरावट देखी गई है। बलरामपुर चीनी मिल्स और धामपुर शुगर मिल्स के शेयरों में गुरुवार को 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बता दें, भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक प्रतिबंध किया गया है। मोदी सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद बलरामपुर चीनी का शेयर 4.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 525 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गया। वहीं, धामपुर के शेयर 4 प्रतिशत तक की गिरावट के बाद 147.55 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया।

भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज के शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के बाद 354 रुपये और श्री रेणुका और ईआईडी पेरी के शेयरों में 2-2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। डीजीएफटी ने कहा, कच्ची चीनी, सफेद चीनी और परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को प्रतिबंधित श्रेणी से बदलकर निषिद्ध श्रेणी में तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर दिया गया है। भारत ने तब यह फैसला लिया है, जब दुनिया में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन करने वाला देश ब्राजील ने अपनी चीनी मिल्स को 1.59 मिलियन मैट्रिक टन एक्सपोर्ट करने को कहा है। देश के अंदर चीनी की खपत से ज्यादा उत्पादन होने के बाद यह फैसला हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में कुल 275 लाख टन चीनी के उत्पादन की उम्मीद है। 50 लाख टन के ओपनिंग स्टॉक को अगर मिला लें, तब यह कुल 325 लाख टन तक पहुंच गया। घरेलू स्तर पर भारत की कुल खपत 280 लाख टन है। यानी इसके बाद करीब 45 लाख टन चीनी बचेगी।

जोकि 2016-17 के बाद का सबसे न्यूनतम स्तर है। बता दें, 2016-17 के दौरान चीनी की इंवेंट्री 39-40 लाख टन तक आई थी। मोदी सरकार अगले गन्ने के सीजन को लेकर भी चिंतित है।

बारिश कम होने की वजह से इसका भी प्रोडक्शन घट सकता है। बता दें, अल-नीनो के प्रभाव की वजह से इस बार मानसून में कम बारिश की उम्मीद है।

# कुछ निवेशक ने पत्रकारिता की गुणवत्ता और दायरा बढ़ाने में किया निवेश

## फिल्म 'द डेविल वेअर्स प्राडा 2' पत्रकारिता की रवायत को बचाने की कहानी

नई दिल्ली।

डेविड फ्रैंकल निर्देशित फिल्म 'द डेविल वेअर्स प्राडा 2' फैशन की दुनिया के बारे में नहीं बल्कि पत्रकारिता की रवायत को बचाने से जुड़ी है। 2006 की उस सुपरहिट फिल्म का सीक्वल, जिसकी कहानी फैशन की दुनिया पर आधारित थी, लेखन, तथ्यों और लोगों तक अनकही कहानियां पहुंचाने के माध्यम की स्तुति है। फिल्म की एक किरदार, ऐंडी सैक्स इस फिल्म में एक फैशन पत्रिका, 'रनवे' में फीचर संपादक के रूप में नजर आईं। पहली फिल्म में वह मिरांडा प्रिस्टली की सहयोगी थीं, जो एक सख्त लेकिन सफल संपादक की भूमिका में थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निश्चित तौर पर अब कहानी वर्ष 2026 की है। डिजिटल दौर ने प्रकाशन संस्थानों की दुनिया पर व्यापक और गहरा असर डाला है। इन प्रकाशन कंपनियों के सलाहकार लागत घटाने, कर्मचारी और फीचर आदि को कम करने में लगे हुए हैं। काफी संघर्ष के बाद, सैक्स और प्रिस्टली को एक निवेशक मिल जाता है जो उस तरह की पत्रकारिता के लिए फंड देने को तैयार हैं जिसे वे करना चाहती हैं और इस तरह कहानी खुशनुमा मोड़ पर खत्म होती है। बता दें अगस्त 2013 में, मशहूर निवेशक जेफ बेजोस ने वॉशिंगटन पोस्ट को 25 करोड़ डॉलर नकद में खरीद लिया। उन्होंने इसे डिजिटल बनाने के साथ ही इसे मुनाफे में लाने में सफलता पाई और बार-बार इसके संपादकीय रुख के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले, परंपरा तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि यह अखबार डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन नहीं करेगा। इसके अलावा कर्मचारियों में एक-तिहाई कटौती की गई और अखबार की संपादकीय नीति बदल गई। अन्य निवेशकों ने भी स्थानीय समाचार पत्रों को खरीदते समय यही किया यानी लागत कम करने के साथ ही कर्मचारियों में कटौती की और ब्रांड मूल्य को शून्य के स्तर पर पहुंचा दिया। हालांकि कुछ निवेशक ऐसे भी रहे जिन्होंने पत्रकारिता की गुणवत्ता और उसके दायरे को बढ़ाने में निवेश किया जैसे कि फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप के जॉन हेनरी ने 'द बॉस्टन ग्लोब' के जरिये ऐसा किया जिसे उन्होंने 2013 में खरीदा।

# सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी में उतर रही सुपर जायंट्स का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर पायी है। टीम में निरंतरता की कमी नजर आयी है। उसकी बल्लेबाजी बेहद खराब रही है। गेंदबाजी में केवल युवा प्रिंस यादव ही प्रभावित कर पाये हैं। अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। यहां तक की अनुभवी मोहम्मद शमी भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।




### टीम इस प्रकार है

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव, इम्पैक्ट प्लेयर- आवेश खान

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, मैट हेनरी/स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, इम्पैक्ट प्लेयर- प्रशांत वीर

# सिंधू और लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



**बैंकाक (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा।

वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी।

# विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे

**रायपुर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं। विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जिससे पर्पल कैप की दौड़ भी तेज हो गई है।

विराट के अब इस सत्र की 12 पारियों में अब तक कुल 484 रन हो गये हैं। उन्होंने यह रन 165.75 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का दिखाते हैहै। इस पारी ने उन्हें सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरा स्थान दिलाया है, जिससे ऑरेंज कैप जीतने की उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ अब बेहद रोमांचक हो गई है। विराट के आगे अब केवल दो बल्लेबाज सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, जिन्होंने 508 रन बनाए हैं, और गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन, जिनके खाते में 501 रन दर्ज हैं। वहीं चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 481 रनों के साथ मौजूद हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल 477 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भी 467 रनों के साथ दावेदारों में बने हुए हैं, जिससे आगामी मैच और भी दिलचस्प हो गए हैं। वहीं गेंदबाजी में पर्पल कैप की दौड़ भी रोमांचक हो गयी है। भुवनेश्वर केकेआर के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 22 विकेट लेकर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है, जिनके 21 विकेट हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के युवा अंशुल कम्बोज 19 विकेटों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, गुजरात टाइटंस के राशिद खान, केकेआर के कार्तिक त्यागी और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिंगा सभी 16-16 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज हैं।

# आरसीबी से हार के साथ ही केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हुईं

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 वें मुकाबले में हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में पहुंची की बची हुई संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं। केकेआर अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर फिसल गयी है।

अभी के हालातों को देखते हुए केकेआर की कोई संभावना नहीं बची है। टीम ने अब तक खेले गए 11 मैचों में से चार जीते हैं और एक का परिणाम नहीं निकला। इस प्रकार उसके केवल 9 अंक हैं। वहीं लीग स्तर में अब उसे केवल तीन मैच खेलने हैं। वहीं प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कुल 16 अंकों की जरूरत होती है। केवल कुछ अवसरों पर ही 14 अंक में प्लेऑफ की संभावना बन सकती है पर ये तभी होगा जब शीर्ष चार टीमों में से कोई भी 16 अंक तक न पहुंचे। केकेआर अपने बचे हुए तीनों मैच जीत भी लेती है, तो उनके कुल अंक केवल 15 ही हो पाएंगे। यह



आंकड़ा प्लेऑफ की दौड़ में शामिल कई अन्य टीमों के संभावित अंकों से काफी कम है।

केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंक तालिका में उनसे ऊपर मौजूद टीमों का प्रदर्शन है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के पहले ही 16-16 अंक हो गये हैं। इनके अलावा, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसे अभी दो मैच खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर वह 18 अंकों तक पहुंच सकती है। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और उसके पास तीन मैच बचे हैं, जिससे वह 19 अंकों तक जा सकती है। इसी तरह, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स भी दौड़ में बनी हुई हैं। दोनों टीमों के पास 12-12 अंक हैं और उन्हें अभी तीन-तीन मैच खेलने हैं। ये दोनों टीमें भी अपने सभी बचे हुए मैच जीतकर 18 अंकों के आंकड़े तक पहुंच सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स भी इस दौड़ में शामिल है पर उसे भी हर मैच जीतना होगा। इससे साफ है कि केकेआर, अपने अधिकतम 15 अंकों के साथ, इन प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच टिके नहीं रह सकती क्योंकि अन्य सभी 16 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं।

# आईपीएल में पिछले छह सत्र से असफल रहे हैं शाहरुख

मुम्बई ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जो हर सत्र में असफल होने के बाद भी करोड़ों की कमाई करने में सफल रहे हैं ।ऐसे ही एक खिलाड़ी है। तमिलनाडु की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शाहरुख खान। पिछली छह आईपीएल सत्र में शाहरुख ने अलग-अलग फैंचाइजियों की ओर से खेला है पर एक बार भी वह सफल नहीं हुए हैं ।इस प्रकार देखा जाये तो पिछले छह सालों में फेंचाइजी टीमों ने इस खिलाड़ी पर 38 करोड़ रुपये से अधिक लुटा दिये हैं पर परिणाम शून्य रहा है ।बल्ले और गेंद से उनका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है ।इस सत्र में भी वह गुजरात टाइटंस की ओर से 9 मैचो में 130.30 की स्ट्राइक रेट से केवल 43 रन बना पाये हैं ।इस क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए एक बेहतरीन फिनिशर के तौर पर जाना जाता था ।100 से अधिक टी20 मुकाबलों में निचले क्रम में तेज रन बनाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल फेंचाइजियों की नजरों में ला दिया ।सबसे पहले साल 2021 में पंजाब किंग्स ने उन्हें 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा पर उनका सत्र सामान्य रहा ।पंजाब किंग्स ने उन्हें 2022 और 2023 सीजन के लिए 9-9 करोड़ रुपये में रिटेन किया ।शुरुआती कुछ मैचों में उन्होंने अपनी पावर हिटिंग की झलक भी दिखाई, लेकिन निरंतरता का अभाव रहा। इसके बावजूद, आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 7.4 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया ।गुजरात ने उन पर लगातार भरोसा बनाए रखा और 2025 तथा 2026 सीजन के लिए 4-4 करोड़ रुपये में रिटेन किया, जिससे उन पर कुल खर्च की गई राशि 38 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई।



# हर कोई बात कर रहा है कि यह आईपीएल अगली पीढ़ी का है, कोहली ने आलोचकों को शतक से जवाब दिया : गावस्कर



रायपुर ।भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है ।पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने IPL के मैच में KKR को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया ।गावस्कर ने 'स्टार स्पोटर्स' पर कहा, 'विराट कोहली ने KKR के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया ।लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है ।हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढ़ी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है ।उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया ।उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है ।' उन्होंने कहा, 'टी20 शतकों के मामले में वह 10 शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है ।उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किए और IPL में नौ शतक लगा चुका है ।रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा ।' गावस्कर ने यह भी कहा कि चचक्र द्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा, 'RCB के खिलाफ मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा ।'

# फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

**-उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी नोरा फतेही**

**लॉस एंजेलिस (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दूनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा।

फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है।



इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी। नोरा कनाडा के टोरंटो में स्थित बीएमओ फील्ड में 12 जून को होने वाले इस भव्य समारोह में गायन और नृत्य दोनों प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ कनाडा के दिग्गज कलाकार माइकल बुबले, अलानिस मोरिसेट और एलेसिया कारा सहित कई बड़े कलाकर भी मंच पर नजर आयेंगे।

# नेशंस कप से पहले अभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी वूमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी ।वहीं टीम के कोच स्जोर्ड मारिजने के अनुसार अभ्यास मैचों से खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले हालातों के अनुसार ढ़लने में सहायता मिलेगी ।वहीं हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में वहां की राष्ट्रीय टीम से चार मुकाबले खेलेगी ।ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे ।इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी कमजोरियों को दूर रते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

इसके अलावा टीम न्यूजीलैंड भी अभ्यास के लिए जाएगी ।यहां भी टीम अभ्यास मैच खेलेगी ।भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं ।अर्जेंटीना दौरे से वापसी के बाद भारतीय महिला टीम ने बेंगलुरु स्थित साई शिविर में अभ्यास किया था ।इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, पेनल्टी कॉर्नर और डिफेंस पर खास ध्यान दिया गया ।वहीं ड्रैग-फ्लिकर्स को नीदरलैंड हॉकी के विशेषज्ञ टकेइ टकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में प्रशिक्षण देंगे ।कोच ने कहा, हमें खुशी है कि हॉकी इंडिया ने इस दौरे का आयोजन किया ।इन मैचों से हमें अपनी कमजोरियां को दूर करने का अवसर मिलेगा ।अर्जेंटीना दौरे में हमने टीम का स्तर देखा था और अब हम अपनी प्रगति को परख पाएंगे।

# मेसी के अच्छे प्रदर्शन से इंटर मियामी ने सिनसिनाटी को 5-3 से हराया



सिनसिनाटी ।कप्तान लियोनेल मेसी के दो गोल की सहायता से इंटर मियामी सीएफ ने एफसी सिनसिनाटी को 5-3 से हरा दिया ।इस रोमांचक जीत के साथ ही इंटर मियामी ने एमएलएस रेगुलर सीजन के शुरुआती नौ मुकाबलों में सबसे अधिक क 22 अंक हासिल करने के एफसी सिनसिनाटी (2024) के रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ ।मियामी ने 24वें मिनट में मेसी के गोल से बढ़त हासिल की ।यह इस सीजन में उनका 10वां गोल था ।इसके बाद मेजबान एफसी सिनसिनाटी ने हाफ टाइम से ठीक पहले, 44वें मिनट में पैनाल्टी कार्नर पर केविन डेन्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया ।वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत से ही सिनसिनाटी का प्रदर्शन अच्छा रहा ।पावेल बुचा ने 49वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी ।इसके बाद इंटर मियामी पर दबाव बढ़ गया पर मेसी ने 55वें मिनट में, डी पॉल के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया ।यह इस सत्र में उनका 11वां गोल था, सिनसिनाटी ने 64वें मिनट में एवांडर के गोल से एक बार फिर 3-2 से बढ़त बना ली। इंटर मियामी ने इसके बाद जबरदस्त हमले करते हुए बचे हुए समय में गोल दागकर स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मियामी की ओर से 84वें मिनट में जर्मन बर्टेराम ने गोल कर स्कोर 4-3 पर पहुंचा दिया ।वहीं अंतिम क्षणों में सिनसिनाटी के गोलकीपर रोमन कैलेटानो की गलती से एक आत्मघाती गोल हो गया जिससे मियामी ने 5-3 से मुकाबला जीता लिया।

# नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें ।इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं ।इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है ।नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा ।नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे ।इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं ।अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है। वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं ।सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है ।ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे ।उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा ।रोम डायमंड लीग में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे ।इसके अलावा पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने का प्रयास करेंगे ।श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीज़न की शुरुआत में 89.37 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज करने के बाद में इस इवेंट में एक बड़े दावेदार के तौर पर उतरेंगे ।ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर, अमेरिकी एथलीट कर्टिस थॉम्पसन और पोलैंड के डेविड वेगनर भी यहां नजर आयेंगे।

# वैभव सूर्यवंशी की भारतीय टीम में एंट्री, श्रीलंका ट्राई सीरीज में खेलते नजर आएंगे 15 वर्षीय बल्लेबाज

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की पुरुष चयन समिति ने गुरुवार को श्रीलंका में होने वाली आगामी एक दिवसीय ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया टीम की घोषणा की। सीरीज जून में खेली जाएगी। भारतीय स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि 15 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी, जिनका IPL 2026 सीजन शानदार रहा है, को भी टीम में शामिल किया गया है।

IPL टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को भारत की आगामी ट्राई-सीरीज के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में प्रतिभाशाली और होनहार घरेलू खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिनमें प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान शामिल हैं।




यह चयन भविष्य के अंतर्राष्ट्रीय असाइनमेंट के लिए युवा प्रतिभाओं को तराशने पर इंडिया ए के निरंतर फोकस को दर्शाता है, जिसमें कई IPL और घरेलू खिलाड़ियों को ट्राई-सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। इस ट्राई-सीरीज में मेजबान श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी। सीमित ओवरों की ट्राई-सीरीज के बाद इंडिया ए, श्रीलंका ए के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच भी खेलेगी; इन रेड-बॉल मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। व्हाइट-बॉल सीरीज दांबुला में खेली जाएगी, जबकि मल्टी-डे मैच गाले में होंगे।

श्रीलंका में होने वाली ट्राई-सीरीज 9 जून से शुरू होगी जिसका पहला मैच इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 11 जून को होगा, जिसमें इंडिया ए का मुकाबला अफगानिस्तान ए से होगा। अफगानिस्तान ए का मुकाबला 13 जून को श्रीलंका ए से होगा। सीरीज का चौथा मैच 15 जून को निर्धारित है, जिसमें इंडिया ए एक बार फिर श्रीलंका ए का सामना करेगी, जिसके बाद 17 जून को इंडिया ए बनाम अफगानिस्तान ए मैच होगा। 19 जून को, टूर्नामेंट के छठे मैच में अफगानिस्तान ए का मुकाबला श्रीलंका ए से होगा। ग्रुप चरण का समापन रविवार, 21 जून 2026 को त्रिकोणीय श्रृंखला फाइनल के साथ होगा।

### त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम

तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।



# आँखों को बनाएँ स्वस्थ व सुंदर

**चेहरे** की सुंदरता को द्विगुणित करती हैं सुन्दर व स्वस्थ आँखें। आँखों में कई कारणों से बीमारियाँ हो जाती हैं। जैसे अनिद्रा, तनाव, थकान, भोजन में पोषक तत्वों की कमी वगैरह। स्वास्थ और सौंदर्य को बनाए रखने के लिए भरपूर नींद लेना आवश्यक है। आँखों व उनके आसपास की त्वचा बहुत ही नाजुक होती है अत: कास्मेटिक्स का प्रयोग भी बहुत सोच-समझकर करना चाहिए।

**ये उपाय करें :**

- रात को सोने से पूर्व भी आँखों के चारों ओर की त्वचा को रिहाइड्रेनट जेल से साफ करना चाहिए फिर आई क्रीम लगाना चाहिए।
- आँखों के आसपास हल्की प्रकृति की ही आई क्रीम लगाना चाहिए।
- लेनोलीन और बादाम से युक्त आई क्रीम हो तो ज्यादा बेहतर होगा।
- बादाम आँखों के आसपास के गहरे घेरे को कम करती है। यह एक प्राकृतिक ब्लीच है। साथ ही त्वचा के लिए श्रेष्ठ पोषक भी है।
- किसी भी क्रीम को आँखों के आसपास की त्वचा पर ज्यादा समय के लिए रहने देना आँखो के लिए हानिकारक है। यदि आप फेस मास्क लगा रही हैं तो आँखों के आस-पास की जगह पर मत लागाइए।
- वही फेस मास्क आँखों के गोल घेरो पर लगा सकती है जो विशेष रूप से इसके लिए बना हो जैसे लिक्विड सीबीड मास्क।
- मास्क की पतली फिल्म पूरे चहरे पर लगाई जा सकती है, इसे पानी से साफ करना भी आसान है।
- यह एक अच्छा माइश्चराइजर है साथ ही यह त्वचा को नवजीवन देता है। ककड़ी का रस प्राकृतिक ब्लीच है, इसका प्रयोग भी आँखों के गहरे घेरो को कम करने में सहायक है।

## बालों की उम्र बढ़ाइएँ

**आज** धूल-धूप, प्रदूषण व बदलती लाइफ स्टाइल के कारण हमारे बालों का हाल बेहाल है। गर्मी के मौसम में हम अपने चेहरे की सुरक्षा तो कर लेते हैं परंतु अपने बालों की अनदेखी भी कर देते हैं।

इसी अनदेखी के कारण हमारे बाल झड़ने लगते हैं और असमय सफेद होते हैं। हम आपको बताते हैं बालों की देखभाल के कुछ आसान उपाय –

- लगातार तनाव लेने व नींद पूरी नहीं होने के कारण भी हमारे बाल झड़ने लगते हैं इसलिए तनाव को बाय-बाय कहें व भरपूर नींद लें।
- बाजार में मिलने वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ हमारे स्वास्थ्य व सौंदर्य दोनों के लिए हानिकारक होते हैं। अत: जहाँ तक संभव हो सके इनसे परहेज करें।
- आँवला हमारी आँखों व बालों दोनों के लिए फायदेमंद होता है। यदि आप रात में आँवला, शिकाकाई व रीठा पावडर को पानी में घोलकर सुबह इस पानी से अपने बालों को धोएँगे तो इससे आपके बाल घने व काले होंगे।
- मेथीदाने को पीसकर दही में मिलाकर बालों में लगाने से बाल चमकदार व काले बनते हैं।
- गीले बालों को तौलिए से झटक-झटककर बालों को पोंछने से बाल दो मुँहे व कमजोर होकर टूटते हैं।
- बालों को पहले चौड़ी कंघी से सुलझाएँ फिर बारीक कंघी से सुलझाएँ।

# त्वचा को धूप से बचाएँ



**पुराने** समय में धूप का सेवन अच्छा माना जाता था, परंतु आधुनिक विज्ञान ने साबित किया है कि अत्यधिक धूप का सेवन त्वचा के लिए हानिकारक होता है। सूरज की रोशनी में दो प्रकार की अल्ट्रावाइलेट तरंगें होती हैं, अल्ट्रावाइलेट 'अ' और अल्ट्रावाइलेट 'ब'। अल्ट्रावाइलेट 'अ' तरंगें जो त्वचा पर झुर्रियाँ व साँवलेपन के लिए जिम्मेदार होती हैं।

अल्ट्रावाइलेट 'ब' तरंगें जिससे सनबर्न होता है व किसी किसी में सन एलर्जी भी उत्पन्न होती है। इसमें त्वचा में काले रंग की कणिकाएँ अधिक मात्रा में बन जाती हैं, जिससे त्वचा में साँवलापन आ जाता है।

**सनबर्न :**

सनबर्न के सामान्य लक्षण हैं। त्वचा में लालिमा होना, जो 24 घंटों में बढ़ती है, इसके अतिरिक्त त्वचा में दर्द, सूजन व फफोले उत्पन्न होते हैं। अगर ज्वर भ्रम आदि लक्षण प्रकट हों तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें। सनबर्न होने पर ठंडे पानी की पट्टियाँ आदि रखना चाहिए और त्वचा रोग विशेषज्ञ का परामर्श लेना चाहिए।

कुछ लोगों को धूप से अति संवेदनशीलता होती है तथा धूप में थोड़ी देर रहने से उनके शरीर पर लाल चकते, छाले बन जाते हैं जिसमें जलन, खुजली आदि होती हैं। एलर्जी कुछ दवाइयों के खाने के पश्चात जैसे- गर्भनिरोधक गोलियाँ एंटीबायोटिक, रक्तचाप, जोड़ों का दर्द, अवसाद आदि खाकर धूप में जाने से भी उत्पन्न होती है।

**सूर्य की किरणों से बचाव :**

- सूर्य का ताप सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अधिक होता है। इसलिए इस समय घर में रहें।
- घर से बाहर निकलते समय पूरी बाँहों वाले कमीज गोल घेरे वाला हेट पहनें और आँखों पर काला चश्मा लगाएँ व चेहरे को स्कार्फ, रूमाल आदि से बाँधकर बाहर निकले।
- सूरज की किरणे पानी, सफेद बर्फ व रेत से परावर्तित होकर अधिक नुकसान पहुँचाती है। इसलिए इन जगह पर त्वचा का विशेष ध्यान रखें व लोशन, सनक्रीम आदि के प्रयोग से त्वचा को धूप से बचाया जा सकता है।
- सूर्य की किरणे बादल होने पर भी जमीन की सतह पर पहुँच जाती है। इस समय भी सनक्रीम का प्रयोग करना चाहिए।
- सूर्य की किरणों में विटामिन डी होता है, लेकिन केवल इसी को आधार बनाकार विटामिन डी युक्त पदार्थों का सेवन बंद ना करें।

# सफल माँ की सफल संतान



**बच्चे** अपनी माँ को देखकर ही बड़े होते हैं तथा माँ ही उनकी प्रथम पाठशाला होती है। माँ की विशेष जिम्मेदारी होती है कि वह बच्चों को एक पौधे की तरह सींच कर बड़ा करे और उसे घना छायादार वृक्ष बनाए।

माँ की सफलता अपने आप ही बच्चों को बहुत कुछ सिखा देती है साथ ही उसका साहस, विश्वास तथा प्यार बच्चों को आगे बढ़ने में बहुत मदद देता है। यदि माँ एक सफल नौकरीपेशा है तो बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे भी अपनी माँ की तरह घरेलू जिंदगी में अच्छा तालमेल बनाएँ जैसा उनकी माँ बना रही है।

- अगर माँ किसी व्यवसाय में बहुत सफल है तो बच्चे उसी व्यवसाय को अपनाकर माँ को ही अपना गुरू बना सकते हैं या किसी दूसरे व्यवसाय में माँ की मदद ले सकते हैं।
- माँ के कठिन परिश्रम, समयबद्धता तथा विनम्रता के गुणों को देखकर बच्चों पर एक अलग ही प्रभाव पड़ता है। साथ ही माँ अपने अनुभवों से यह भी जान जाती है कि किस प्रकार की शिक्षा उसके बच्चे के लिए ठीक रहेगी।
- सफल माँ अपने बच्चों के साथ दोस्ताना भी रहती हैं और उनके बच्चे जीवन के प्रति व्यवहारिक दृष्टिकोण से काम लेते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में वे स्वावलंबन को महत्व देते हैं।
- साथ ही माँ यदि बच्चों को अपने से भी ज्यादा सफल देखना चाहती है, जो कि हर माँ चाहेगी ही, तो उसे भी बच्चों के रंग में ढलना पड़ेगा, बच्चे क्या चाहते हैं यह देखना पड़ेगा। बच्चों को प्यार और अपनापन देने के साथ वह उन्हें अच्छे-बुरे की परख कराएँ और भविष्य सँवारने में पूर्ण योगदान दे।



# घर की सजावट ऐसे करें

**अक्सर** आपने घर की सजावट कैसे करें? कहाँ क्या रखें? इस बारे में हमेशा पढ़ा, सुना होगा, लेकिन सजावट करते वक्त क्या न करें इसके बारे में शायद आपको किसी ने नहीं बताया होगा। जबकि यह भी इतना ही महत्वपूर्ण है कि घर में ऐसा क्या नहीं किया जाए जो इसकी खूबसूरती को कम न कर दें। यहाँ दिए गए कुछ ऐसे ही न करने वाल सुझाव पढ़िए और अपने घर को सुंदर बनाइए।

- बिना सोचे समझे घर सजाने के लिए एक कदम भी मत उठाइए। सबसे पहले सोचने पर वक्त खर्च कीजिए कि आप ज्यादा से ज्यादा जगह कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप घर का वातावरण कैसा बनाना चाहते हैं, कैसी रोशनी चाहते हैं आदि।
- अपनी सभी इच्छाओं को एक ही कमरे में पूरा करने की भूल मत करिए।
- किसी पत्रिका में छपी सुंदर साज सज्जा को देख कर बिलकुल वैसी करने के बजाए उसे अपने हिसाब से बदल दें।
- ज्यादा छोटे सामान इकट्ठा मत करिए। बहुत ज्यादा छोटे सामान से कमरा बहुत भरा-भरा लगता है।
- पेंटिंग को बहुत ऊँचाई पर मत लगाइए। इसे लगाने के पहले दीवार के सामने बैठ कर देख लीजिए। इसके बाद एक निश्चित ऊँचाई पर इसे लगाइए।
- किसी भी सामान की साइज को लेकर कनफ्यूज होने के बजाए एक छोटा सा नक्शा तैयार कर लीजिए, ताकि बाद में दिक्कत न हो।
- पीली टाईल लगवाने के बजाए ग्रे या सफेद टाइल लगवाएँ।
- खिड़कियों पर गहरे रंग के परदे डालने से आप बाहर का सुंदर नजारा देखने से वंचित रह सकते हैं।
- आखिर में एक नेक सलाह सुनों सबकी करो मन की।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी,
सह संपादक: राम सिंह यादव उपसंपादक राकेश द्विवेदी
उक्त सभी पद अवैतनिक है

## काकुरो पहेली - 3889




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3888 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रेक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3889



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-3888



## सूडोकु - 3889

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3888 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3889



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली -3888 का हल



सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी